अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार,6 मई 2026



न्यूज ब्रीफ

## एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को एमपीएस और आरएसडी एकेडमी के बीच खेला जाएगा। आयोजन सचिव शाहवेज अली ने बताया कि मैच सुबह नौ बजे शुरू होगा। पहले यह मैच सोमवार को होना था लेकिन रविवार को बरसात होने के कारण मैदान में पानी भर जाने के कारण तिथि आगे बढ़ा दी गई थी।

## परीक्षा फार्म भरने की तिथि 12 मई तक बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा के लिए कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाकर 12 मई कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने मंगलवार को बताया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रणाली के तहत बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम, एलएलबी, बीए एलएलबी, एलएलएम, एमएसडब्ल्यू तथा होम साइंस पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं अब पुन: ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा फार्म छह मई से दोबारा ऑनलाइन उपलब्ध होंगे, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 12 मई तय की गई है। भरे हुए आवेदन पत्र 13 मई तक संबंधित महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

## दृष्टि की कप्तानी पारी से ब्लू टीम की जीत

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** पारकर इंटर कॉलेज के मैदान पर मंगलवार को पारकर क्रिकेट अकादमी रेड और पारकर क्रिकेट अकादमी ब्लू के बीच खेले गए मुकाबले में ब्लू टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पारकर क्रिकेट अकादमी रेड की टीम 23.1 ओवर में 158 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से निकिता दास ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 58 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पारकर क्रिकेट अकादमी ब्लू ने संयमित खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने 26.1 ओवर में नौ विकेट खोकर 159 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# निजी अस्पताल में मरीज की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, मौके पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** रामपुर-मुरादाबाद मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची गलशहीद पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

मझोला थाना क्षेत्र के मझोली के रहने वाले सुनील कुमार की मंगलवार को तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने सुनील को रामपुर-मुरादाबाद हाईवे पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी रात आठ बजे के करीब मौत हो गई। मृतक के साले अमर पाल ने बताया अस्पताल कर्मियों ने मौत से पहले मरीज की हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। रात को मरीज की मौत के बाद शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाल कर रख दिया। मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

सूचना पर गलशहीद पुलिस मौके पर पहुंची परिजनों को शांत कराया। हालांकि गलशहीद थाना प्रभारी पवन कुमार का कहना है कि मरीज के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### एमडीए स्टेक होल्डर्स की बैठक में किया गया महायोजना के कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण

# एमडीए 71 गांवों में महायोजना के अनुरूप करेगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



एमडीए सभागार में बैठक में मौजूद स्टेकहोल्डर्स और अधिकारी।

- विस्तारित दायरे में शामिल है 14615.32 हेक्टेयर क्षेत्रफल
- मीटिंग में भौतिक और ऑन लाइन शामिल हुए स्टेकहोल्डर्स

**अमृत विचार:** शासन द्वारा 28 जून 2024 को जारी अधिसूचना के आधार पर मुरादाबाद विकास क्षेत्र का विस्तारीकरण किया गया। इसमें 71 नये राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इनका कुल क्षेत्रफल 14615.32 हेक्टेयर है। इन विस्तारित क्षेत्रों में महायोजना के अनुसार कार्य कराए जाएंगे। महायोजना के कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण मंगलवार को प्राधिकरण सभागार में हुई स्टेकहोल्डर्स की बैठक प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

प्राधिकरण की सीमा में विस्तार के बाद जो 71 नये गांव शामिल किए गए हैं उन्हें तीन पॉकेट्स में विभाजित किया गया है। इसमें दिल्ली मार्ग, रामपुर मार्ग व कांठ रोड शामिल है। इन क्षेत्रों में महायोजना तैयार कराने का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 138वीं बोर्ड बैठक में लिया गया था। कन्सल्टेन्ट द्वारा विद्यमान भू-उपयोग, बेस मैप एवं सजरा सुपरइम्पोजिशन मानचित्र का रेंडम स्थलीय परीक्षण मंगलवार को प्राधिकरण और सम्भागीय नियोजन खंड की संयुक्त तकनीकी टीम ने किया। इस अनुरूप महायोजना के कार्य की प्रगति का प्रस्तुतीकरण कन्सल्टेन्ट ने स्टेकहोल्डर्स की बैठक में किया।

इसमें स्टेकहोल्डर्स और सरकारी विभागों के अधिकारियों के द्वारा भौतिक रूप से प्राधिकरण सभागार में और कुछ स्टेकहोल्टर्स और सरकारी विभागों के अधिकारियों ने ऑनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों से उनके विचार और सुझाव के साथ ही फीडबैक लिए गए, जिसे महायोजना में शामिल करने पर गुणदोष के आधार पर विचार किया जाएगा।

# शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं शिक्षामित्र : प्रभारी मंत्री

### बढ़े मानदेय के साथ सम्मानित होने पर शिक्षामित्रों के चेहरे पर दिखा आत्मविश्वास, बोले- लंबित मांग पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने शिक्षामित्रों को चेक वितरित किया। ● अमृत विचार

- गोरखपुर में हुए सम्मान समारोह का पंचायत भवन में दिखाया गया सीधा प्रसारण
- प्रभारी मंत्री ने शिक्षा मित्रों को बढ़े मानदेय का प्रतीकात्मक चेक देकर किया सम्मानित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गोरखपुर में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण पंचायत भवन सभागार में मंगलवार को किया गया। पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एवं जिले के प्रभारी अनिल कुमार रहे।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह व अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के शिक्षा मित्रों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया।सभागार के बाहर शिक्षण अधिगम सामग्री और दिव्यांग बच्चों सुगम्य पुस्तकों के स्टॉल भी लगाए गए।

मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षामित्रों की भूमिका शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है। शिक्षामित्रों ने हर परिस्थिति में विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के सम्मान,सुरक्षा और हितों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है और आने वाले समय में भी उनके हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। विशिष्ट अतिथियों जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह, एमएलसी गोपाल अंजान, महापौर विनोद अग्रवाल, कुंदरकी विधायक के प्रतिनिधि विक्की ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, रालोद के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी और भाजपा के महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अतिथियों ने शिक्षामित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोगी बताया। इसके पश्चात गोरखपुर में आयोजित मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण स्क्रीन पर दिखाया गया, जिसे उपस्थित शिक्षामित्रों ने ध्यानपूर्वक देखा। इस अवसर पर सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय को बढ़ाकर 18,000 रुपये किए जाने की घोषणा के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न विकास खंडों से चयनित उत्कृष्ट शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में आनंद कुमार, भारत सिंह, आशीष कुमार, खेमपाल सिंह, नीरज कुमारी, देशराज सिंह, महताब जहां,संजीव सिंह, शंकर सिंह,गीता देवी तथा डॉ. दिनेश चंद्र प्रमुख रहे। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षामित्रों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने कार्य के प्रति प्रेरणा बताया। मानदेय वृद्धि की घोषणा से शिक्षामित्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई शिक्षामित्रों ने इसे लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और सरकार के प्रति संतोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी जोशी ने सभी अतिथियों, शिक्षामित्रों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर एडी बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह, बीएसए विमलेश कुमार, बीईओ नगर वेगिश गोयल, जिला समन्वयक डॉ. तारा सिंह, हर्षवर्धन कपिल, अखिलेश कुमार, शिवम शुक्ला, चिरंजीव ठाकुर, निखिल गुप्ता, रोशनी वर्मा, जितेंद्र कुमार जोली, डॉ. योगराज सिंह, डॉ. संचिन शुक्ला, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी जानकारी



सेंट मैरी स्कूल में छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी देते यातायत दरोगा।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को शहर के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी ट्रैफिक सुभाष चन्द्र गंगवार ने यातायात पुलिस की कई टीमें बनाई हैं जो छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दे रहे हैं।

यातायात उप निरीक्षक विनोद कुमार ने एसएस पब्लिक स्कूल कांठ रोड और सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। जयप्रकाश सिंह ने पीएमएस पब्लिक स्कूल में करीब 850 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात उप निरीक्षक अमित तोमर ने सेंट मैरी स्कूल अगवानपुर और सिविल लाइन में लगभग 1500 छात्र एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। यातायात उप निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने पुलिस मॉडर्न स्कूल 9 वीं बटालियन पीएसी में लगभग 550 छात्र एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम बताकर जागरूक किया। यातायात जागरूकता संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए।

# सिम छीनने पर भड़की पत्नी, पति पर बोला हमला

संवाददाता, बिलासपुर

- पीड़ित की तहरीर पर पत्नी और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** पत्नी के अवैध संबंधों का विरोध करने पर पति पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित पति ने पत्नी और ससुर के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गांव चन्दपुरा जदीद निवासी राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। वह अक्सर चोरी-छिपे प्रेमी से फोन पर बात करती थी। जब भी उसने इस बारे में पूछा, तो वह टाल-मटोल कर जाती थी। पीड़ित के अनुसार बीती 29 अप्रैल की सुबह करीब सात बजे उसकी पत्नी प्रेमी से बात कर रही थी। शक होने पर जब पूछा तो पत्नी ने तुरंत मोबाइल से सिम निकालकर छिपाने का प्रयास किया। जब सिम छीना तो वह आग बबूला हो गई। पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए घर में रखे चारा काटने वाले धारदार हथियार से राजपाल के सिर पर प्रहार कर दिया। वह उसे घायल अवस्था में ही छोड़कर अपने मायके को फरार हो गई। पीड़ित ने पुनः थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष पंकज पंत का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# आरटीआई का जवाब न देने पर ईओ पर जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत केमरी के जनसूचना अधिकारी-अधिशासी अधिकारी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराने पर राज्य सूचना आयोग ने उन पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

नगर के अधिवक्ता मोहम्मद राशिद ने वर्ष 2023-24 में नगर पंचायत को प्राप्त कुल बजट आवंटन एवं उससे संबंधित कार्यों का विवरण, तथा वर्ष 2023-24 में खर्च की गई राशि का कार्यवार ब्यौरा मांगा था। जिसमें स्वीकृत धनराशि, स्वीकृति तिथियां, कार्य प्रारंभ व समाप्ति की तिथियां, संबंधित ठेकेदार, कार्यदायी संस्था एवं निरीक्षण अधिकारियों का विवरण भी मांगा गया था।

# संक्रामक बीमारियों से लड़ने को बच्चों में बचपन से आदत डालें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर हाथ धोने के तरीकों की जानकारी देती स्वास्थ्य टीम।

- स्वस्थ रहने के लिए हाथों की स्वच्छता का विशेष ख्याल जरूरी
- विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार:** विश्व हाथ स्वच्छता दिवस (वर्ल्ड हैंड सैनीटेशन डे) पर मंगलवार को जिले की स्वास्थ्य इकाइयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हाथों की स्वच्छता की महत्ता बताई गई। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही शिक्षा व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) के संयुक्त तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया व केनव्यू के सहयोग से 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत कार्यक्रमों में स्वास्थ्य कर्मियों, स्कूली बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों आदि ने सहभागिता की।

जिला चिकित्सालय के बच्चा वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों, महिलाओं, बच्चों और तीमारदारों को हाथों की स्वच्छता का महत्व बताया गया। एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं ने हाथ धोने के चरणवार जानकारी देकर अभ्यास भी कराया। हरथला में आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों, महिलाओं एवं किशोरियों को स्वस्थ रहने के लिए हाथों की सही स्वच्छता के बारे में बताया गया।

हरथला प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने पोस्टर बनाकर हाथों को सही तरीके से धोने के बारे में बताया। प्रधानाध्यापिका रजनीबाला ने बच्चों को बताया कि डायरिया समेत कई संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए हाथों को धोना ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि सही तरीके से हाथों को धोना जरूरी होता है। आशा कार्यकर्ता ज्योति ने सुमन-के के बारे में बच्चों को सरल तरीके से समझाया, जिसके वह इन छह चरणों को अपनाकर हाथों की सही स्वच्छता के लिए सक्षम बन सकें। यह छह चरण हैं –एस -साबुन-पानी से झाग बनाने के बाद पहले सीधी हथेलियों को बारी-बारी से घिसें, यू - उल्टी तरफ हाथों को बारी-बारी से घिसें, एम- मुट्ठी बंदकर हाथों को अच्छी तरह घिसें। ए अर्थात अंगूठों को अच्छी तरह से रगड़ें, एन- नाखूनों को अच्छी तरह से साफ़ करें और के अर्थात कलाइयों को भी ठीक से रगड़ें। इसका अभ्यास भी बच्चों से कराया गया।

उन्होंने कहा कि इन छह चरणों को अपनाकर डायरिया समेत कई संक्रामक बीमारियों को मात दिया जा सकता है। इसकी आदत बचपन से ही विकसित करना जरूरी है। बच्चों की देखभाल, मरीजों की सेवा से पहले और बाद में, खाना बनाने या खाने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद, खांसने, छींकने या नाक साफ़ करने के बाद, कचरा उठाने या किसी गंदी सतह को छूने के बाद, जानवरों या पालतू जानवरों को छूने के बाद हाथों को साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक सही तरीके से अवश्य धोएं।

इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, हेल्प डेस्क मैनेजर कुलदीप, शिक्षक मुकुल, एएनएम प्रशिक्षण केंद्र से शिक्षिका शिखा, प्रिया, मुख्य सेविका सुधा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदुबाला, विमला कश्यप, आशा ज्योति, अर्चना, पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक सुधार को अतिक्रमण हटाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- अभियान के दौरान अतिक्रमण न करने को लोगों को किया जागरूक

**अमृत विचार:** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में आटीसी और सीएफडी योजना के अंतर्गत चिन्हित मार्गों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान यातायात रूट मार्शल, संबंधित थाना पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया। साथ ही लोगों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी गई।मार्ग नंबर छह व आठ पर कार्रवाई उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने महाराणा प्रताप चौक से जीरो प्वाइंट तथा पीली कोठी से अगवानपुर तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। चलाया गया। जिसमें निरीक्षक देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मिगलानी सिनेमा से जीरो प्वाइंट मूंढापांडे तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां भी लोगों को सड़क पर अतिक्रमण न करने और यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि शहर को जाम मुक्त बनाने और यात्रा समय कम करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन कर ही सुरक्षित और सुगम यातायात संभव है।

# निरीक्षक आभा बनीं सीओ, लगाए स्टार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्टार लगाते डीआईजी और एसएसपी।

**अमृत विचार :** जनपद पुलिस में तैनात निरीक्षक आभा शर्मा को पदोन्नति प्रदान करते हुए पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) बनाया गया है। पुलिस उप-महानिरीक्षक मुनिराज जी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मंगलवार को उन्हें कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया।

आभा शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पदोन्नति उनकी कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और उत्कृष्ट कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह अपने नए पद पर भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएंगी और जनपद में बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करेंगी। इस मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी। आभा शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है और कई मामलों में सराहनीय कार्य किया है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां अन्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

# टिकट चेकिंग में 39 बेटिकट यात्री पकड़े गए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश पर बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा व धूम्रपान एवं गंदगी की रोकथाम के लिए डीआरएम महेश यादव के निर्देशन में मंडल के शाहजहांपुर स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में 20 गाड़ियों को चेक किया। जिसमें 39 बेटिकट यात्री पकड़े गए।

शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर आठ टिकट चेकिंग स्टाफ के द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से ट्रेनों की जांच की। जिसमें बिना टिकट यात्रा करते 39 लोग पकड़े गए। जिनसे किराया और जुर्माना सहित रुपये 21,575/- और अनियमित यात्रा के 92 मामले में किराया व जुर्माना सहित 40,230 रुपए, धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के दो मामले में पकड़े गए।

# संदिग्ध हालत में 3 साल के मासूम की मौत

संवाददाता, बिलासपुर

- झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार:** तीन वर्षीय मासूम की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही झोलाछाप पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

घटना खजुरिया थाना क्षेत्र की है। बलखेड़ा गांव निवासी भूरा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। मृतक मासूम की मां रुखसार के अनुसार उसके छह बच्चों में सबसे छोटे बच्चे से बड़े तीन वर्षीय जीयान को बुखार की शिकायत होने पर गांव में ही अपना निजी क्लीनिक चलाने वाले युवक के पास ले गए थें। आरोप है कि इस उक्त युवक ने मासूम के पांच सौ एमजी के इंजेक्शन लगा दिए। इससे रात में ही उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया और वह बार-बार युवक को बुला रहे थे लेकिन वह नहीं आया मगर उनका मासूम तड़पता रहा इसके बाद जब वह उनके घर पहुंचा और लगी हुई बोतल हटाई तो, उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया और उक्त युवक मौका पाकर वहां से फरार हो गया। मंगलवार सवेरे मृतक परिवार ने उक्त युवक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है।

### शहर में आज

- एमपीएस हाट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट मार्डन पब्लिक स्कूल में सुबह 9 :00 बजे।
- शहर के स्कूलों में यातायात पुलिस चलाएगा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सुबह 10 :00 बजे।
- विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सदर तहसील में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर दोपहर 12 :00 बजे।

### न्यूज ब्रीफ

## नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी जेल भेजा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नाबालिग से छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म की कोशिश करने के आरोपी बिजली मिस्त्री को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव तेलियों वाली मढ़इयों का निवासी आरोपी आरिफ एक गांव में शादी के कार्यक्रम में टेंट वालों के साथ बिजली का काम करने के लिए गया था। वहां नौ साल की बच्ची को रात में खाली प्लॉट में ले जाकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश करने लगा था। तभी कार्यक्रम में आए लोगों की नजर उस पर पड़ गई और पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची और आरोपी को थाना ले आई। इसी बीच बच्ची के परिजन भी वहां पर पहुंच गए और सारी घटना बताई। पीड़िता बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया।

## पुलिस ने 15 दिन से गायब किशोर को बरामद किया

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पुलिस ने 15 दिन से गायब किशोर को सकुशल बरामद कर लिया। इसकी सूचना परिजनों को दी। इस पर परिवार के लोग थाना पर आए और किशोर को अपने साथ ले गए। थाना क्षेत्र के गांव फलेदा की निवासी पूनम देवी ने करीब 15 दिन पहले मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उनका भतीजा जतिन राठी पुत्र राजीव कुमार निवासी ग्राम जहांगीरपुर थाना भोजपुर उम्र करीब 15 वर्ष घर से बिना बताए चला गया था। जो इस समय मेरे पास गांव फलेदा में ही रह रहा था। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर किशोर की तलाश शुरू की। पुलिस ने 15 दिन बाद उसे सकुशल बरामद कर थाना पर ले आई। उसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी। जिस पर परिवार वाले किशोर को लेने के लिए थाने पहुंचे।

### शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन और सीएम डैशबोर्ड के सभी बिंदुओं और मानकों का होगा संतृप्तीकरण

# जनसामान्य की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. राजेंद्र पैंसिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कोषागार में संभाला कार्यभार, कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं
- कानून-व्यवस्था के पालन में जीरो टॉलरेंस की नीति चलेगी अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार:** नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचकर अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। जिलाधिकारी कोषागार में चार्ज संभालने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाओं को देखा।

नवागत डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं को गंभीरतापूर्वक प्रभावी बनाना और जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापरक समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए जनसुनवाई को सख्ती से प्रभावी बनाया जाएगा। सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में समयबद्धता के साथ ही सीएम डैशबोर्ड के सभी बिंदुओं और मानकों का संतृप्तिकरण होगा।


कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार में कार्यभार ग्रहण करते नवागत जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना और शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करते हुए जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आमजन अपनी समस्याएं और शिकायतें संबंधित सक्षम अधिकारी के पास दर्ज कराएं और इस दौरान इस बात का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी कृत्य से शांति और कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बिल्कुल न करें। जिलाधिकारी लालबाग स्थित कालीमाता मंदिर में भी पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना कर महंत हितेश्वर गिरि से मुलाकात की।

## तबादला नीति के दायरे में आए कई अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एडीएम सिटी, एसडीएम सदर व एसडीएम बिलारी पूरे कर चुके जिले में तीन साल
- सिटी मजिस्ट्रेट, डीएसओ और मुख्य कोषाधिकारी का भी निर्धारित कार्यकाल पूरा

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की तबादला नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत एक जिले में तीन साल और एक मंडल में सात साल की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों का अन्यत्र स्थानांतरण जरूरी कर दिया है। इसके अन्तर्गत जिले में तीन साल से अधिक वर्ष की सेवा अवधि पूरी कर चुके कई अधिकारी इस दायरे में आएंगे। इसके बाद अगली ट्रांसफर लिस्ट में नाम को लेकर अधिकारियों में भी सुगबुगाहट है।

आईएएस अधिकारियों की जारी तबादला सूची में जिलाधिकारी अनुज सिंह के बाद शासन की तबादला नीति के आधार पर कई और वरिष्ठ अधिकारियों का भी ट्रांसफर कभी भी हो सकता है। जिले में तीन वर्ष से अधिक समय की सेवा पूरी करने वालों में अपर जिलाधिकारी नगर, एसडीएम सदर, एसडीएम बिलारी, सिटी मजिस्ट्रेट के अलावा जिलापूर्ति अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी शामिल हैं। ऐसे में इन दिनों कलेक्ट्रेट अधिष्ठान के कार्यालयों में ट्रांसफर की चर्चाएं चल रही हैं। वहीं विभिन्न पटलों पर लंबे समय से जमे वरिष्ठ व कनिष्ठ लिपिकों के पटल भी बदलने की संभावना बनी है। कलेक्ट्रेट अधिष्ठान व तहसीलों के अलावा विकास भवन व अन्य विभागों में भी कई अधिकारी तीन साल की सेवा पूरी कर चुके हैं जो शासन की तबादला नीति के दायरे में आ रहे हैं।

# भव्य श्रृंगार में सजे बालाजी हठीले हनुमान

### ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार पर गूंजा हनुमान चालीसा का पाठ, मेवा, फल और बूंदी का विशेष भोग अर्पित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को जिले में हनुमान भक्त उत्साहित रहे। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भव्य श्रृंगार, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन कर भक्तों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की।

कोर्ट रोड स्थित श्री बालाजी हठीले हनुमान मंदिर में भव्य श्रृंगार किया गया। हनुमान जी को स्वर्ण और रजत बरकों से अलंकृत किया गया, जिससे उनका दिव्य स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक लाइटों से सजाया गया। इस दौरान मेवा, फल और बूंदी का विशेष भोग अर्पित किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, आलू की सब्जी, कढ़ी और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के सेवादार राजीव सक्सेना, राजकुमार पाई, टिंकू, विवेक, विवेक भटनागर, अजय गुप्ता, जवाहर, अनिरुद्ध शर्मा, मोहनलाल शर्मा, पवन, शलभ जोशी ने बाबा का गुणगान किया। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला और राज्य गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने मंदिर पहुंचकर वीर हनुमाना दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


हनुमान वाटिका में हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


बड़ा मंगल पर हनुमान चालीसा का पाठ करते पुजारी परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

- सामूहिक सुंदरकांड और भंडारों के साथ हुए धार्मिक आयोजन
- मंदिर परिसरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया

वहीं, राष्ट्रीय पुजारी परिषद के तत्वावधान में कानून गोयान स्थित शिव हनुमान मंदिर, देहरी गांव के प्राचीन काली माता मंदिर और लाइनपार स्थित माता मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि इस दिन भगवान श्रीराम और हनुमान जी के मिलन का विशेष महत्व है, इसलिए सच्चे मन से की गई पूजा सभी कष्टों का निवारण करती है। इस मौके पर पंडित विनीत शर्मा, पुजारी महेंद्र, पंडित विनोद शर्मा, पंडित नवल स्वरूप अवस्थी, पुजारी राजू, दिनेश सैनी, अनुज राजपूत, अनिल रस्तौगी, श्याम शुक्ला, विजय बाजपेई, बब्लू भटनागर, अज्जू भटनागर, शम्मी रस्तोगी, शिवम, शिव शंकर बंसल, राकेश टंडन, महंत चंचल दास आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर, इंपीरियल तिराहे के श्री मनोकामना मंदिर, कोर्ट रोड व बुध बाजार के दुर्गा मंदिर, लाइनपार स्थित माता मंदिर और नया मुरादाबाद के महाकालेश्वर धाम समेत अन्य मंदिरों में भी दिनभर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ हुआ। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### ज्येष्ठ मंगल पर हनुमान चालीसा का पाठ किया, बांटा प्रसाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल (यप) परिवार के धार्मिक प्रकोष्ठ के सदस्य कोर्ट रोड स्थित सिद्धबाला जी मंदिर में एकत्रित होकर पुरुषोत्तम माह के पहले बड़े मंगलवार को हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। विधिवत पूजा अर्चना कर आरती करने के बाद बाला जी के समक्ष भोग प्रसाद चढ़ा कर राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने सभी से आह्वान किया कि सेवा परमोधर्म के अंतर्गत पूरे ज्येष्ठ माह के सभी बड़े मंगलवार को धार्मिक कार्य कर लोगों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान दीपा, संजना, सोनिया, अंशू, भावना गुप्ता, पूजा गोयल, रिदम, नीता, नेहा, चांदनी, अनामिका, श्वेता, कविता, पूनम मौजूद रहीं।

## कॉसमॉस में ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ब्लड कैंसर के गंभीर मरीजों को नहीं लगानी पड़ेगी बड़े शहरों की दौड़

**अमृत विचार :** चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए कॉसमॉस हॉस्पिटल ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला सफल ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर इतिहास रचा। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का है। इस संबंध में मंगलवार को अस्पताल में पत्रकार वार्ता हुई, जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि यह जटिल ट्रांसप्लांट रिलैप्स्ड-रिफ्रैक्टरी मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित मरीज में सफलता के साथ किया गया।

अब तक ऐसे गंभीर उपचार के लिए मरीजों को दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा महानगर में ही उपलब्ध हो गई है। इस जटिल प्रक्रिया का नेतृत्व क्लिनिकल हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी और उनकी टीम ने किया। उन्होंने बताया कि मल्टीपल मायलोमा गंभीर ब्लड कैंसर है, जो बोन मैरो को प्रभावित करता है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऑटोलॉगस बोन मैरो ट्रांसप्लांट में मरीज के ही स्वस्थ स्टेम सेल का उपयोग किया जाता है, जिसमें स्टेम सेल संग्रह, हाई-डोज कीमोथेरेपी और दोबारा प्रत्यारोपण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं।


कॉसमॉस अस्पताल में पत्रकारों को जानकारी देते डॉक्टर हिमांशु चतुर्वेदी।

# बादलों की ओट से झांकते रहे सूर्यदेव, ठंडी हवा से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले का मौसम मंगलवार को बदला-बदला नजर आया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा, जिसके कारण सूर्यदेव दिनभर बादलों की ओट से ही झांकते रहे। धूप की तीव्रता कम रहने और बीच-बीच में चल रही ठंडी हवा ने मौसम को काफी सुहावना बना दिया।

दिन भर बादलों की आवाजाही जारी रहने से बारिश की संभावना बनी रही। कई बार घने बादल छाए, जिससे लोगों को बारिश होने की उम्मीद जगी, लेकिन दोपहर में करीब एक बजे करीब 20 मिनट के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई।


मुंह ढक कर जाती स्कूटी सवार महिला।

- दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच हुई बूंदाबांदी, बाजार में बनी रही चहल-पहल

इससे वातावरण में ठंडक बनी रही और उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम रहा। तापमान में गिरावट का असर लोगों की दिनचर्या पर भी दिखा और बाजारों में सामान्य चहल-पहल बनी रही।

वहीं, दिन ढलने के बाद हवा की रफ्तार और तेज हो गई, जिससे मौसम में और ठंडक का एहसास हुआ। ठंडी तेज हवा ने लोगों को गर्मी से और राहत दी।

मौसम में आए इस बदलाव से किसानों के चेहरे भी खिले नजर आए और उन्हें आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों ने आगे भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

## पश्चिम बंगाल की जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

संवाददाता, पाकबड़ा

- एक-दूसरे को झालमूड़ी खिलाकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल में शानदार जीत पर भाजपाइयों ने एक-दूसरे को मिठाई और झालमूड़ी खिलाकर जीत का जश्न मनाया। ढोल-नगाड़े के साथ सभी ने जीत की खुशी का इजहार किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद पहली बार भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने पर नया मुरादाबाद स्थित ब्लॉक प्रमुख मुरादाबाद मनीष कुमार सिंह के घर पर पहुंचकर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई और झालमूड़ी खिलाकर जीत का जश्न मनाया। ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह ने कहा कि जिस तरह से ममता बनर्जी की सरकार में अराजकता और गुंडागर्दी थी उससे अब लोगों को छुटकारा मिल गया है। पश्चिम बंगाल में अब बेहतर विकास होगा। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह ने कहा कि यह सच्चाई की जीत है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने भी मिठाई खिलाकर सभी को जीत की बधाई दी। पाकबड़ा में बड़ा मंदिर पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी, रंजीत सैनी, रोहित सैनी, अभिषेक सिंह, हिमांशु गुप्ता, विनोद पाल मौजूद रहे।

## धूल-धुआं बना रहा दमा का मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्माण स्थलों की धूल, बढ़ता ट्रैफिक व जेनरेटर बना रहे हवा को जहरीला
- ओपीडी में रोजाना 30 प्रतिशत तक मरीज सांस और एलर्जी के पहुंच रहे

**अमृत विचार :** शहर की हवा में धूल, धुआं व अनियंत्रित प्रदूषण से दमा के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में सांस लेने में तकलीफ वाले मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार निर्माण स्थलों की उड़ती धूल, सड़कों पर बढ़ता ट्रैफिक व जेनरेटर से निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना रहा है। बदलते मौसम ने स्थिति और गंभीर कर दिया है, जिसका बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा असर पड़ रहा है। प्रदूषण व बदलता मौसम सांस रोगियों में अटैक के प्रमुख कारण बन रहे हैं।

सरकारी अस्पतालों में संचालित नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) क्लीनिकों पर ही नजर डालें तो वर्ष 2025-26 में 200 से अधिक तो क्रानिक आब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के नए मामले ही सामने आए। अस्थमा व अन्य सांस रोगियों की संख्या इससे कई गुना अधिक ही है। चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय के अनुसार सबसे बड़ा कारण हवा में बढ़ता प्रदूषण है जिसमें धूल के महीन कण शामिल हैं। ये कण सीधे फेफड़ों तक पहुंचकर सूजन व एलर्जी पैदा करते हैं।

### यह भी रखें ध्यान

- ज्यादा ट्रैफिक वाले रास्तों पर सुबह-शाम की सैर से बचें।
- घर से बाहर जाएं तो मास्क का इस्तेमाल करें।
- घर में नियमित सफाई रखें।
- कमरे में नमी संतुलित रखें, बहुत सूखी हवा से बचें।
- घर में एयर प्यूरीफायर पौधों स्नेक प्लांट, मनी प्लांट का उपयोग करें।
- बाहर से आने के बाद चेहरे और नाक को साफ पानी से धोएं।
- परफ्यूम, अगरबती व केमिकल स्प्रे का सीमित इस्तेमाल करें।
- बिस्तर की चादर, तकिया कवर और परदे नियमित रूप से धोएं।

### संबोधन

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर ही बन सकते हैं समर्पित कार्यकर्ता

# वैचारिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त बनें कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा 23 व 24 मई को बुद्धि विहार के व्हाइट हाउस में होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के लिए कार्ययोजना बैठक मंगलवार को भाजपा के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर हुई। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिला प्रभारी व चेयरमैन रामपुर सहकारी बैंक मोहनलाल सैनी, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, जिला प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मुरादाबाद मनीष सिंह, उप नेता नगर निगम सुरेंद्र बिश्नोई ने किया। संचालन महामंत्री शम्मी भटनागर ने किया।



भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करते हुए प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रभारी मोहन लाल सैनी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह पूर्ण समर्पण और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा, व्यवस्था आदि पर चर्चा कर पदाधिकारियों को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण वर्ग में सभी पदाधिकारियों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षण के बाद कार्यकर्ता और अधिक ऊर्जा के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करेंगे।

- भाजपा महानगर की ओर से पार्टी कार्यालय पर हुई कार्ययोजना बैठक
- पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल रहे मुख्य अतिथि

बैठक में महामंत्री विशाल त्यागी, उपाध्यक्ष हेमराज सैनी, नवदीप टंडन, गेत्रपाल सिंह, अशोक सैनी, मंगलसेन राजपूत, कपिल कुमार, अभिषेक चौबे, सुनीता शर्मा, विजयलक्ष्मी पंडित, वनिता मल्होत्रा, दीक्षांत चौधरी, दीपक चौधरी, मनीष गुर्जर, सिमरन कौर, मंडल अध्यक्ष सोमपाल प्रजापति, राजीव शर्मा, विपिन प्रजापति, सूर्य मोहन, गजेंद्र सिंह, विशाल रस्तोगी, मिथुन शर्मा, अभिषेक राठौर, राजेश रस्तोगी, सिद्धार्थ शर्मा, अनूप कौशल, अभिषेक ठाकुर, संजीव चौधरी, शशि किरन, नीरज वाल्मीकि, अरविंद ठाकुर, सिद्धार्थ शर्मा, रुचि चौधरी, हेमा खत्री, मयंक कश्यप, सुमित ठाकुर, बंटी सैनी, बबलू श्रीवास्तव, हरिओम सैनी, अर्चित गुप्ता, भरत टंडन सहित पार्टी पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति एवं आपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो बाइक चोरों को पकड़ा जेल भेजा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद की है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों बाइक चोरों को जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर कला निवासी संजय पुत्र राजेंद्र ने दो दिन पहले मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उसकी बाइक चोरी हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को आदेश कुमार उर्फ मिरिंडा पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम मालीपुर और प्रदीप पुत्र नन्हे निवासी ग्राम मालीपुर के पास से बाइक को बरामद किया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि एक मई की सुबह सुखविंदर की कैंटीन के पीछे से उन्होंने मोटर साइकिल चोरी की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया।

# नेक्स्ट जेनरेशन ने आरएसडी को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मयंक सिंह ने खेली 81 रनों की दमदार पारी, गेंदबाजों ने भी दिखाया जलवा
- नेक्स्ट जनरेशन ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए हासिल की 185 रनों से शानदार जीत

**अमृत विचार :** द नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर मंगलवार को द नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी और आरएसडी अकादमी के बीच खेले गए मुकाबले में नेक्स्ट जेनरेशन की टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 185 रनों से शानदार जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 35 ओवर में पांच विकेट खोकर 294 रन बनाए। टीम की ओर से मयंक सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 81 रन बनाए।

उनके अलावा नैतिक ने 55, ईशानी ने 40 और कवि चौधरी ने 31 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरएसडी अकादमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। पूरी टीम 25.2 ओवर में 109 रन बनाकर सिमट गई। टीम की ओर से मेधांश भारद्वाज ने सर्वाधिक 45 रन बनाए, जबकि कृष्णा ने 22 रनों का योगदान दिया, लेकिन यह प्रयास टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा श्याम प्रेमी सेवा समिति का कीर्तन 22 को

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बाबा श्याम प्रेमी सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाले आगामी विशाल संकीर्तन की तिथि में बदलाव किया गया है। समिति के निर्णय के अनुसार, जो कीर्तन पहले 28 मई को निर्धारित था, वह अब 22 को होगा। समिति के अध्यक्ष अतिन अग्रवाल ने जानकारी दी। कि अपरिहार्य कारणों और भक्तों की सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में खलीलाबाद के सिंगर हरमिंदर सिंह रोमी, रितेश मनोचा रूद्रपुर उत्तराखंड, बशिका बैरागी मिलक और शर्मा सिस्टर्स अपने भजनों से भक्ति रस की गंगा बहाएंगे।

### दहेज की खातिर पत्नी व बच्ची को निकाला

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव अगलगा मझरा लच्छीवाला निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व गांव रहमतगंज निवासी राजकुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज और बाइक की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करता रहा। 17 अप्रैल को आरोपियों ने मारपीट की। जिससे उसका कान फट गया, जिसमें दो टांके लगाने पड़े। बेटी पैदा होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। मारपीट के बाद उसे बच्ची के साथ घर से निकाल दिया गया और अब आरोपी मायके पहुंचकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि पति राजकुमार, सास, ननद और ननदोई चंदा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कल विकास भवन में होगी महिला जनसुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने कल 7 मई को विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई होगी। महिला जनसुनवाई की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी करेंगी। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति संबंधी विवाद, भरण-पोषण, उत्पीड़न एवं अन्य महिला संबंधित प्रकरणों की सुनवाई कर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा।

# बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर भजनों पर झूमे भक्त, आरती कर लिया आशीष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सराय गेट स्थित बाबा लक्ष्मण दास की समाधि पर 133वें वार्षिकोत्सव में भक्तों ने आरती की। इससे पहले बाबा की समाधि का श्रृंगार किया गया। बाबा की समाधि को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया गया। समाधि के छोटे से गेट से भक्त बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। शाम को समाधि परिसर में भजन संध्या हुई भक्त भजनों पर झूम उठे।

मंगलवार को बाबा के भक्त सुबह से बाबा की समाधि पर पहुंचने लगे और दर्शन करने के बाद मन्नतें मांगी और बाबा का प्रसाद ग्रहण आशीर्वाद लिया।



फूलों से सजी बाबा की समाधि।

पुलकित अग्रवाल ने बताया कि बाबा लक्ष्मण दास ने ज्येष्ठ पंचमी संवत 1950 को समाधि ली। बताया कि बाबा लक्ष्मण दास के गुरु मुस्लिम थे उनका नाम हजरत सुभान शाह मियां था। बाबा लक्ष्मण

- मंगलवार सुबह 10 बजे हुआ बाबा का श्रृंगार और आरती

दास का जन्म चंदौसी में हुआ था और बचपन में ही माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद बाबा हजरत सुभान शाह मियां के शिष्य बने और इल्म सीखा। प्रधानमंत्री डॉ. अजय अग्रवाल ने बताया कि इससे पहले केवल पंडित जी द्वारा आरती की जाती थी। लेकिन, बाबा के आदेश पर दो वर्ष से सैकड़ों लोगों द्वारा आरती की जाती है। बताया कि लोगों की मनौतियां पूरी होती हैं और मन्नतों को बढ़ाने के लिए लोग दूर-दराज से समाधि पर पहुंचकर मत्था टेकते हैं। शाम हुई भजन संध्या में भक्त बाबा के भजनों पर झूम उठे।

## मंगलवार को आसमान में सुबह से छाए बादल, दोपहर में हुई बूंदाबांदी, येलो अलर्ट जारी

# आज और कल आंधी-बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मौसम वैज्ञानिकों ने आज 6 मई और कल 7 मई को आंधी-बारिश का अनुमान जताया है और इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार की सुबह से आसमान में बादल में मंडराते रहे और दोपहर में हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम खुशगवार हो गया। अपराह्न में सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने से गर्मी को अहसास कम हुआ लोगों ने एसी और कूलर बंद कर दिए। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर में करीब 12:40 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। अपराह्न में सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने 6 और 7 मई को आंधी, बारिश, बिजली का येलो अलर्ट जारी किया है। 6 और 7 मई को गरज-चमक के साथ वर्षा, तेज हवा का अनुमान जताया है।



मंगलवार को आसमान में मंडराते बादल। • अमृत विचार

> 6 और 7 मई को गरज चमक और तेज हवा के साथ वर्षा का अनुमान है। 9 और 10 मई से तापमान में बढ़ोत्तरी के आसार हैं।
>
> – डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

तेज बारिश से जायद की फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। 5 मई से 10 मई तक अधिकतम तामपान 30 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 9 मई से मौसम में तल्खी का अनुमान जताया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान- 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान- 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मानदेय बढ़ाकर शिक्षामित्रों का बढ़ाया मान

## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रंगोली मंडप में कार्यक्रम आयोजित, दिखाया गया मुख्यमंत्री का कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा मित्रों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का गोरखपुर से सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस उपलक्ष्य पर गांधी समाधि समीप स्थित रंगोली मंडप में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इसमें जिले के शिक्षामित्रों को मानदेय 18000 रुपये होने पर प्रतीकात्मक चेक के साथ सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, शाहबाद-मिलक विधायक राजबाला सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों के स्वागत बाद सभी शिक्षा मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए



शिक्षामित्र को सम्मानित करते विधायक, जिपं अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, सीडीओ व बीएसए।

मानदेय वृद्धि का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाबा गोरखनाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर से शिक्षा मित्र के बढ़े मानदेय 18000 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक वितरण एवं संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यातिथि आकाश सक्सेना ने बढ़े हुए मानदेय 18000 रुपये के प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर शिक्षा मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रदेश सरकार की शिक्षा मित्रों के हितार्थ की गई घोषणा का स्वागत किया और जिले के सभी शिक्षामित्रों को बधाई दीं। उन्होंने शिक्षा मित्रों द्वारा जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे बालक और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। विधायक राजबाला सिंह ने सरकार द्वारा विद्यालय विकास के कार्यक्रमों के साथ-साथ पंचायत और ब्लॉक स्तर पर चल रहे जिले के बेसिक शिक्षा विभाग और शिक्षा मित्रों के कार्यों की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह यादव ने किया।

इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी स्वार पीएल निरंकारी, खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद अशोक कुमार, डीसीएमडीएम राहुल सक्सेना, डीसी अंकित सक्सेना, डीसी सुनील, शुभम चौहान, डीसी राहुल कुमार, डीसी सुनील श्रीवास्तव, डीसी सतेंद्र शर्मा, डीसी जानिसार अख्तर, प्रिति प्रभाकर, वेलेंटीना विक्टर, कुशल राणा, मोहित सक्सेना, जफर बेग, मोइन मियां, आशीष वशिष्ठ, प्रदीप भटनागर, सरफराज अहमद, भुजवीर सिंह, पंकज, उमेश पाल, नरेश कुमार, गुरप्रीत सिंह, राकेश विश्वकर्मा, सैयद अफाक, रितु, विशाखा, सैयद जावेद मियां, होरी लाल आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद जिले के शिक्षामित्र। • अमृत विचार

### इन्हें मिला सम्मान

नरेश कुमार, रमेश चंद्र, नरेश कुमार कुमार, अंजीव कुमार, रमेश चंद्र, राम अवतार सिंह, सौरभ कुमार, भूपेंद्र कुमार, किरण पाल सिंह, कमल कुमार, बचन सिंह, बलवीर सिंह, हेमलता शर्मा, गीता, राफिया खानम, सैफद जावेद मियां, हरीश कुमार गंगवार, अरविंद कुमार कश्यप, सुनील कुमार, पूजा सक्सेना और हरप्यारी।

# जनगणना 2027 को प्रचार अभियान शुरू, स्वगणना 7 से

संवाददाता, बिलासपुर

- नगर पालिका की ओर से विशेष जागरूकता अभियान शुरू

**अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा आगामी जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान का आगाज़ किया गया है। मंगलवार को पालिका प्रशासन ने एक प्रचार वाहन को अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ईओ ने बताया कि यह वाहन नगर के सभी वार्डों में घूमकर लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना की प्रक्रिया सात मई से शुरू होकर 21 मई 2027 तक चलेगी। इस दौरान नागरिक स्वयं आनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जागरूकता अभियान के तहत शहर में पम्पलेट भी बांटे गए, जिनमें स्वगणना करने के आसान तरीकों के बारे में बताया गया है।

साथ ही नागरिकों से अपील की गई के वे इस राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जनगणना कर्मियों को सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विकास योजनाओं के लिए सही आंकड़े संकलित किए जा सकें। इस अवसर पर सभासद परमजीत कौर, ऋतु कुमारी, लिपिक अनिल सक्सेना, प्रताप कुमार, कुलरतन गौतम, ललित कुमार, राशिद अली, हरीश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।



प्रचार अभियान में शामिल पालिका कर्मी व गणमान्य व्यक्ति। • अमृत विचार

# प्रयोगों से विकसित की वैज्ञानिक सोच

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर रुस्तमनगर में विज्ञान सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केमिस्ट रिएक्टर मसवासी के मोहित कुमार आईआईटी दिल्ली अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंचे। विज्ञान वर्ग के छात्रों को विज्ञान आओ करके सीखें कार्यक्रम के तहत वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रयोग कराए।

उन्होंने विज्ञान उपकरणों के माध्यम से दो दर्जन से अधिक प्रयोग प्रस्तुत किए गए, जिनमें विद्यार्थियों की सामूहिक भागीदारी रही। सूक्ष्मदर्शी यंत्र के माध्यम से सूक्ष्म वस्तुओं के अवलोकन और विभिन्न रासायनिक मिश्रणों के जरिए विज्ञान के सिद्धांत समझाए गए। टीम में रोहित कुमार पंकज, इशांत चंद्र, मोहम्मद रिहान, मुदित एवं राज ने सहयोग किया। वैज्ञानिक सेमिनार में विज्ञान अध्यापक उमेश कुमार, संजय सिंह, दिलीप कुमार, सुनीता रानी मौर्य, गौरव सिंह, अनिल कुमार, प्रकाश बाबू, ब्रजकिशोर मौर्य, प्रेमपाल, अंग्रेजी आचार्य, बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा, साज-सज्जा प्रमुख अंजली मौर्य और पूजा टैगोर ने व्यवस्था में सहयोग किया। अंत में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने मोहित कुमार व उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति विशेष लगाव पैदा करते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करते है।



स्वार में छात्र- छात्राओं को जानकारी देते वक्ता • अमृत विचार

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान सेमिनार आयोजित

# जय प्रकाश नारायण सर्वोदय में 11वीं में प्रवेश को आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कक्षा 10 के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रवेश

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित व सीबीएसई मान्यता प्राप्त जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती नाम राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज) रामपुर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-11 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

प्रधानाचार्य शिक्षा ने बताया कि कक्षा 10 के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर विज्ञान वर्ग एवं मानविकी वर्ग में प्रवेश दिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। बताया कि यह विद्यालय पूर्णतः आवासीय है, जिसमें केवल गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले अभिभावकों के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन, नाश्ता, स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें तथा दैनिक उपयोग की समस्त आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं दी जाती हैं। विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय पहुंचकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### कुन्नमकुलम उपचुनाव में जीत पर मिलक में बांटी मिठाई



**मिलक, अमृत विचार :** केरल के कुन्नमकुलम विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मंगलवार को मिलक नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने केरल में एक दशक बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। यह जीत क्षेत्र, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और वहां की जनता का जनादेश है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, सुरेंद्र गंगवार, चौ. विजय सिंह राणा, राहुल शुक्ला, नवीन त्यागी, दलीप त्यागी आदि मौजूद रहे।



### एएसपी ने किया पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चैक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



### भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

**शाहबाद, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर तहसील परिसर स्थित विवेक कुमार पांडे के चेंबर पर अधिवक्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया। गन्ना समिति रामपुर के अध्यक्ष विवेक कुमार पांडे ने कहा कि यह नए भारत और विकसित भारत की सोच की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत देश के विकास की गारंटी है। वर्ष 2026 के चुनाव परिणाम 2027 और 2029 के लिए भी बड़ा संदेश हैं। जश्न के दौरान मौजूद लोगों ने पार्टी नेतृत्व के समर्थन में नारेबाजी भी की। इस दौरान कन्हैया लाल, अमर सिंह, राम अवतार सिंह, माधुरी सक्सेना, आनंदपाल सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, रोहित कुमार, विमल जोशी, आशुतोष पाठक, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, अनुभव शर्मा, नामित सभासद अमित चंद्रवंशी, तेजपाल सिंह लोधी, सत्येंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

### अरबी विषय की परीक्षा में शामिल हुए 77 परीक्षार्थी



**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के बाजार अब्दुल्लाह गंज के निकट स्थित फुरकानिया अरबी सेंटर में फंक्शनल अरबी डिप्लोमा कोर्स की मंगलवार को हुई परीक्षा 2024-26 में सभी 77 परीक्षार्थी शामिल हुए। कड़ी निगरानी में परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। इसका परीक्षाफल सऊदी अरब में नौकरी के लिए जा रहे लोगों के लिए बहुत उपयोगी होता है। सेंटर के प्रभारी डॉ. शायरउल्लाह खान वजीही ने बताया कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत संस्था राष्ट्रीय परिषद उर्दू भाषा संवर्धन के तहत संचालित इस दो वर्षीय अरबी बोलचाल पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षा पिछले 22 वर्ष से आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स विशेष रूप से उन लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जो रोजगार के लिए अरब देशों में जाते हैं। इस वर्ष परीक्षा में कुल 77 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के लिए परीक्षक के रूप में प्रो. जुल्फिकार अली सिद्दीकी उपस्थित रहे। निगरानी मौलवी मोहम्मद मारिफुल्लाह खान, मौलवी शकील अहमद, महजबीन साहिबा, अंसा फिरदौस जहां तथा अंसा खदीजा बी ने की।

**समस्या** | विद्युत अधिकारियों के समक्ष प्री पेड मीटर हटाने को लेकर किया था जोरदार प्रदर्शन

# 30 हजार प्रीपेड मीटर हटाने को शासनादेश का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में 30 हजार प्रीपेड मीटर लग चुके हैं, अधिकारियों का कहना है कि इन्हें हटाने या पोस्टपेड में बदलने के लिए अभी कोई शासनादेश उनके पास नहीं आया है। इसमें उपभोक्ता उलझ गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रीपेड मीटर का बिल का पैसा जमा नहीं होने पर तुरंत बिजली कट जाती है। पैसा जमा करने के बाद तत्काल बिजली सुचारू नहीं होती है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि पोस्ट पेड मीटर हटाकर प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी हो रही है। प्रीपेड मीटर में पैसा खत्म होते ही बिजली कट हो जाती है। इसके बाद बिल का पैसा जमा होने के बाद तत्काल बिजली सुचारु नहीं होती। इसके लिए उपभोक्ता बिजली घर के चक्कर लगाते हैं। प्रीपेड मीटर में कब पैसा खत्म हो जाए उपभोक्ता इसको लेकर परेशान रहते हैं। शहर के मोहल्ला राजद्वारा निवासी नाजिमा बताती हैं कि बिल का 3 हजार रुपये जमा करने के बाद भी दिमाग में टेंशन रहती है कि न जाने कब बिजली बंद हो जाए।

कहा कि पोस्टपेड मीटर का बिल किन्हीं कारणों से नहीं दे पाते थे, तब अगले महीने में दो महीने का बिल जमा कर दिया जाता था। लेकिन जब से प्री पेड मीटर लगा है दिल परेशान रहता है कि न जाने कब बिजली कट हो जाए। बिजली आपूर्ति कट होने के बाद बिजली घर के चक्कर लगाना पड़ते हैं। कहा कि प्री पेड मीटर लगने के बाद लोग बहुत परेशान हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। रविवार को प्री पेड मीटर के विरोध में केमरी बिजली घर पर आप के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग कर चुके हैं।

> जिले में 30 हजार प्रीपेड मीटर लग चुके हैं और इन्हें बदलने या प्रीपेड मीटर नहीं लगाने के लिए कोई शासनादेश नहीं मिला है। जैसा शासनादेश मिलेगा उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **विकार अहमद**, एसडीओ विद्युत वितरण खंड



प्री पेड मीटर ने लोगों को परेशान कर दिया है लेकिन, बिजली वाले जबरन लोगों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगवा रहे हैं। स्मार्ट मीटर घरों से हटवाए जाएं। – **यूसुफ**



प्री पेड मीटर का बिल जमा करने में कुछ देर हो जाने पर तुरंत बिजली बंद हो जाती है। इसके बाद बिल जमा करने के कई घंटे बाद बिजली सुचारू होती है। – **जुल्फिकार**



प्री पेड मीटर हटवाने के लिए शहर विधायक भी कह चुके हैं लेकिन, बिजली वाले किसी की नहीं सुन रहे हैं। स्मार्ट मीटर से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। – **शबाना**



प्रीपेड मीटर का बिल जमा करने में देर सवेर हो जाए तब भी बिजली नहीं काटी जाती थी। लेकिन प्री पेड मीटर जब से लगे हैं लोग बिजली घर के चक्कर लगा रहे हैं। – **राकिब**

# मीट विक्रेता पर हमले में छह पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला शीरी मियां हरि ड्रेस निवासी साजिद अली और समीर नगर में लाइसेंसी मीट की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल की सुबह उनकी दुकान पर स्टॉक उतारा जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और पहले माल लेने की जिद पर अड़ गए।

विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों व चाकू से हमलाकर दिया। साजिद के सिर में चाकू लगने से गहरा घाव हो गया और कंधे की हड्डी भी टूट गई। वहीं बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी चाकू मारकर घायल कर दिया गया। आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामले में बिलाल, अफजाल, फैजान, नदीम, इलयास, अनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 6 मई 2026

रामपुर

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसों में दो युवक घायल, रेफर

शाहबाद, अमृत विचार : क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार देर शाम करेथी निवासी अनुज मुरादाबाद से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सीएचसी शाहबाद पहुंचाया, जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। वहीं, मंगलवार को शाहबाद-ढकिया रोड पर सिरौली थाना क्षेत्र के खुर्द निवासी अर्जुन की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया

### वकील से मारपीट में मां व तीन बेटियों पर केस

शाहबाद, अमृत विचार : शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरखेड़ा निवासी अधिवक्ता सतेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह तहसील शाहबाद में वकालत करते हैं। चार मई को वह चेंबर में मुनेश कुमार गुप्ता के मकान बिक्री के बैनामे की ड्राफ्टिंग कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान मुनेश गुप्ता की पत्नी अलका रानी और उनकी बेटियां प्रियांशी, अल्पिका व प्रियल वहां पहुंच गईं। आरोप है कि चारों ने चैंबर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सचिव बने डॉ. निजात

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने डॉ. निजात को प्रदेश सचिव बनाया है। प्रदेश सचिव का जिला अध्यक्ष मोहम्मद आलिम और युवा जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया। प्रदेश सचिव ने कहा कि रामपुर के किसानों के लिए हर संभव संघर्ष करेंगे। इस मौके पर मोहम्मद निजात, मोहम्मद आलिम, मुबीन, जावेद मियां, बाबर अहमद, नासिर, प्यारे खान, शराफत अली आदि मौजूद रहे।

### शहर विधायक बोले- पश्चिम बंगाल झांकी अभी यूपी की विजय बाकी, जीत के बाद पदाधिकारियों और कार्यकर्ता का जोश हाई

# पश्चिम बंगाल जीत को यूपी के लिए संजीवनी मान रहे भाजपाई

वाहिद अली, रामपुर



भाजपा जिला कार्यालय पर खुशी जताते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से भाजपा नेता और कार्यकर्ता गदगद हैं। राष्ट्रीय स्तर ये लेकर राज्य स्तर और जिला स्तरीय नेताओं में इस जीत ने जोश भर दिया है। यूपी चुनाव से करीब 7 महीने पहले बड़ी जीत को भाजपाई संजीवनी के रूप में मान रहे हैं। जिले के नेताओं का भी यही मानना है कि पश्चिम बंगाल जैसे मुश्किल चुनाव में ऐतिहासिक जीत हुई है, जबकि यूपी में पहले से भाजपा की सरकार है, यहां जीत अब आसान हो जाएगी।



शहर विधायक आकाश सक्सेना।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में जीत को पार्टी के जनविश्वास का प्रमाण बताया है। कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव तो झांकी हैं, अभी उत्तर प्रदेश के चुनाव बाकी हैं। यहां भी भाजपा प्रचंड जनादेश प्राप्त कर प्रदेश और देश के विकास की धारा तय करेगी। कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे चुनौतीपूर्ण राज्य में इस तरह का प्रदर्शन यह साबित करता है कि भाजपा अब एक मजबूत विकल्प बन चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया यूपी के विधानसभा 2027 चुनाव में भाजपा इसी ऊर्जा और जनसमर्थन के साथ नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। शहर विधायक ने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव में बेहद कम समय बचा है, ऐसे में पश्चिम बंगाल की जीत राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर और जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं के लिए जोश भरने वाली है। इससे यूपी के चुनावों की राह आसान नजर आने लगी है।

### मनोबल बढ़ाने वाली जीत

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा भाजपा का संगठन बेहद मेहनत करने वाला और कार्यकर्ता जमीन पर काम करने वाला है। चुनाव परिणाम से पार्टी नेताओं सहित एक-एक कार्यकर्ता में ऊर्जा का संचार होता है। पश्चिम बंगाल जैसे कड़े चुनावों में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन से यूपी में भी इसका सीधा लाभ मिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। कार्यकर्ताओं में जोश है और ये जोश यूपी के सात महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में काम आएगा।



### बंगाल ने लिख दी उत्तर प्रदेश में जीत की गाथा

कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों की जीत ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जीत की गाथा लिख दी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव का समय बेहद करीब है। ऐसे में बड़े राज्य में जीत से कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा। क्योंकि कार्यकर्ता के दम पर ही पार्टियां चुनाव जीतती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी।



### यूपी में जीत को तैयार

पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल की लड़ाई कड़ी थी और वो जीत गए। इसके बाद यूपी चुनाव जीतने के लिए पार्टी तैयार है। उन्होंने बताया कि वो पश्चिम बंगाल में 115 राजारहाट न्यू टाउन विधानसभा में विधानसभा प्रभारी रहे। उन्होंने लगभग तीन माह तक लगातार क्षेत्र में प्रवास कर संगठन को सशक्त किया। 2021 के इस विधानसभा सीट पर 56,000 मतों के अंतर से हार हुई थी। बताया कि पश्चिम बंगाल यह जीत संगठन की मेहनत का परिणाम है। यूपी में भी जीत का बिगुल बज चुका है, कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ा है।



## बंगाल में नहीं अपनाई गई लोकतांत्रिक प्रक्रिया

रामपुर, अमृत विचार: पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि अब निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं रह गई हैं, बल्कि यह भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से संचालित एक सुनियोजित खेल प्रतीत हो रहे हैं। जिस संस्था पर लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व है, वही आज सवालों के घेरे में खड़ी है।



निक्कू पंडित, कांग्रेस जिलाध्यक्ष

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है कि संवैधानिक संस्थानों की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। लोकतंत्र की आत्मा, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में निहित है, आज गंभीर संकट में दिखाई दे रही है। देश की जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब अवश्य देगी।

# बापू मॉल में दुकान आवंटन, टैक्स वृद्धि पर प्रदर्शन

### कलेक्ट्रेट में व्यापारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता रामपुर



कलेक्ट्रेट में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी मंगलवार को तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय से इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। व्यापारी व पदाधिकारियों ने बापू माल के संचालन ना होने और हाउस टैक्स वाटर टैक्स वृद्धि के खिलाफ नगर पालिका के खिलाफ नारे लगाए और ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि 24 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से तैयार बापू माल जो कि 13 वर्ष से तैयार है। उसे नगर पालिका द्वारा गंभीरता पूर्वक शुरू कराया नहीं गया है। दुकानों का आवंटन नहीं हुआ है।

हाउस टैक्स वाटर टैक्स को 50 गुना बढ़ाकर आम जनता व्यापारी समाज को भारी तादाद में नोटिस बांट दिए गए हैं जो के नियम अनुसार उचित नहीं है। इस पर 50 गुना की रोक लगाया जाना जरूरी है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, संरक्षक शाहिद मामू, दिलशाद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री फहीम अहमद, रमेश सैनी, कन्हैया लाल, आसिफ उल्ला खान, शराफत, हंसराज अरोरा, बाबर खान, प्रवीण गुर्जर, सोहेल खान, संगठन मंत्री सीबू खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध लगा दिया डिवाइडर

हामिद स्कूल के सामने डिवाइडर बहुत ही छोटी और पतली सड़क पर मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध लगा दिया गया है। जिससे जाम की समस्या व दुर्घटना होकर जनता के चोट लग रही हैं। इसे भी हटाया जाना आवश्यक है, रामपुर की जनता का व्यापारी समाज हित में विकास प्रगति और बेरोजगारी दूर करने व मजबूत करने के लिए इन समस्याओं का समाधान होना भी अत्यंत आवश्यक है।

### बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

स्वार, अमृत विचार : मंगलवार को नगर में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। जिसमें नगर और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए स्थानीय समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा बिजली व्यवस्था का रहा। व्यापारियों ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्र की विद्युत लाइनें दुरुस्त नहीं हैं। जरा सी हवा चलने पर फॉल्ट हो जाता है। जिससे पूरा नगर और आसपास का क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। इससे व्यापारिक गतिविधियों के साथ आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। तहसील अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार अनवर अली नगर ने कहा कि बिजली विभाग को जल्द से जल्द विद्युत लाइनों को दुरुस्त कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। बैठक में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, हाशिम शान, फुरकान अली, सरफराज अली, इरफान अली, मतलूब हुसैन, इरफान अली तथा शकील सलमानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



# आंखें हैं नम, हे मां तुझे नमन



क्रूज हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

● जबलपुर क्रूज हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** जबलपुर स्थित बरगी डैम में 30 अप्रैल को हुए हृदय विदारक क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। काल के गाल में समाए मासूमों और अन्य नागरिकों की स्मृति में भारत विकास परिषद द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। आंखें हैं नम, हे मां तुझे नमन शीर्षक के साथ आयोजित सभा मातृशक्ति को समर्पित रही।

श्रद्धांजलि सभा में बरगी डैम हादसे की उस मार्मिक तस्वीर का विशेष उल्लेख किया गया। जिसमें एक मां मृत अवस्था में भी अपने बच्चे को अपने आंचल से लिपटे हुए थी। यह दृश्य ममता और निस्वार्थ प्रेम की उस पराकाष्ठा को दर्शाता है, जिसे देखकर सभा में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की आंखे नम हो गईं। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल नगर ने कहा कि ऐसी करुणा और वात्सल्य ईश्वर ने केवल मां के हृदय में ही दी है। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान अध्यक्ष सपन अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, आशी अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, लवी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, इतिका अग्रवाल, सुनील गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, दीपक गुप्ता, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में आग बुझाने के लिए मॉक ड्रिल



जिला अस्पताल में कर्मचारियों को आग बुझाने के बारे में बताते फायरकर्मी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मंगलवार को आग बुझाने के लिए मॉक ड्रिल हुआ। दमकल कर्मियों ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया।

दमकल कर्मियों ने शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर, स्टोव के अलावा अन्य कारणों से लगने वाली आग पर काबू पाने के लिए जानकारी दी। कहा कि आग लगने पर घबराएं नहीं बल्कि, संयम से काम करें। बताया कि आग लगने पर सबसे पहले बिजली सप्लाई को बंद कर देना चाहिए। फायर उपकरणों का सही इस्तेमाल करने और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना देने के लिए कहा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा घेरा बेहतर होना जरूरी है। इसलिए अस्पताल के छोटे-बड़े कर्मचारियों को आग लगने पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसके बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आइडेंटिटी ने सेंट मैरी को 4-0 से हराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



स्टेडियम में भिड़तीं सेंट मैरी और आईडेंटिटी स्कूल की टीमें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर हो रहे इम्तियाज उर रहमान खां मेमोरियल हॉकी लीग में मंगलवार को बालक और बालिका वर्ग में दो मैच खेले गए। पहले मैच में बालिका वर्ग में आइडेंटिटी एजुकेशन स्कूल ने सेंट मैरी की टीम को 4-0 से शिकस्त दी। दूसरा मैच बालक वर्ग का हुआ जिसमें आइडेंटिटी स्कूल की टीम ने सनवे स्कूल की टीम को 3-0 से हराया।

बालिका वर्ग के मैच में आइडेंटिटी स्कूल की टीम ने मध्यांतर से पहले 3 गोल दाग कर अपनी जीत पक्की कर ली थी। खेल शुरू होने बाद 9वें मिनट में आइडेंटिटी स्कूल की खिलाड़ी रोशनी ने, 14वें मिनट में फिर रोशनी और 15वें मिनट में शीतल ने गोल करके अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर के बाद रोशनी ने 21वें मिनट में एक और गोल करके टीम को 4-0 से जीत दिला दी। दूसरा मैच बालक वर्ग का हुआ जिसमें आइडेंटी स्कूल और सनवे स्कूल बी के बीच खेला गया। मैच का पहला गोल आइडेंटिटी स्कूल के खिलाड़ी वारिस ने छठे मिनट में करके टीम का खाता खोल दिया। वारिस ने दूसरा फील्ड गोल करके टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक आइडेंटिटी स्कूल की टीम 2-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद आइडेंटिटी स्कूल के खिलाड़ी तैयब ने गोल करके टीम को 3-0 से जीत दिला दी। इस मौके पर जमशेद आगा, फरहत अली खां, इशरत अली, आदिल हसनैन, वकार खां समेत हॉकी प्रेमी मौजूद रहे।

● बालक हॉकी में आइडेंटिटी स्कूल ने सनवे स्कूल बी टीम को 3-0 से हराया

### आज खेले जाएंगे दो मैच

हॉकी सचिव मुख्तार खां ने बताया कि बुधवार को महात्मा गांधी स्टेडियम पर पहला मैच सनवे स्कूल और ग्रीनवुड स्कूल की टीमों के बीच खेला जाएगा। जबकि दूसरा मैच बालिका टीमों के बीच हॉकी इंडिया और सेंट मैरी की टीमों के बीच होगा।

## न्यूज डायरी

### हनुमान चालीसा पढ़ते हुए रिसॉर्ट पहुंचे क्लब के पदाधिकारी



रामपुर, अमृत विचार : मंगलवार को एलएनएस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर के तत्वावधान में सामाजिक कार्य करते-करते सभी सदस्यों का मनोरंजन करने के लिए वाटिका रिसॉर्ट में कार्यक्रम हुआ। क्लब के पदाधिकारी और सदस्य हनुमान चालीसा पढ़ते हुए रिसॉर्ट पहुंचे। कार्यक्रम में सबसे पहले पंक्चुअलिटी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान कैटवॉक हुई। कार्यक्रम की थीम रेट्रो रखी गई थी, इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को इनाम दिया गया। इसके बाद 1 मिनट गेम, तंबोला, रेट्रो टाइम के गानों पर डांस किया गया। सरप्राइज के बाद सब ने स्विमिंग पूल का लुत्फ लिया। सभी को एक-एक गिफ्ट हैंपर दिया गया।



### बार अध्यक्ष व महासचिव का सम्मान

मिलक, अमृत विचार : कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक संजय कपूर सोमवार को तहसील मिलक बार सभागार पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। संजय कपूर ने तहसील मिलक बार एसोसिएशन के पांचवीं बार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सतीश चंद्र गंगवार और महासचिव बने रमेश चंद्र गंगवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संजय कपूर ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर सुझाव लिए। कहा कि अधिवक्ता समाज का मजबूत स्तंभ हैं और न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। कांग्रेस हमेशा वकीलों के हितों के साथ खड़ी रही है। कार्यक्रम में वेद राम सिंह यादव, देवकीनंदन गंगवार, कपिल चौधरी, जीवेंद्र सिंह, अर्श राज कपूर, सुरेश गंगवार, बाबूराम गंगवार, सुभाष चंद्र आर्य, जावेद मलिक, नवनीत यदुवंशी, कमलकांत शर्मा, सुधीर शुक्ला, कैलाश वीर सक्सेना, दानिश रजा खान, सहदेव गंगवार, विपिन तिवारी, धर्मेंद्र सक्सेना, देवेंद्र गंगवार, विवेक गंगवार मौजूद रहे।



### आयुष्मान कार्ड वितरण कर दी राहत

रामपुर, अमृत विचार : डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में स्वास्थ्य, आवास, विद्युत एवं राशन कार्ड से संबंधित प्रकरण सामने आए। जनता दर्शन में मोइस पुत्र रहीस निवासी ग्राम खजुरिया कला बिलासपुर एवं मोहम्मद अयान निवासी ग्राम कनकपुर बिलासपुर ( 7 वर्ष) गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के लिए पिता के साथ उपस्थित हुए थे। डीएम के निर्देश पर दोनों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। जनसुनवाई के दौरान पुन: उपस्थित होने पर डीएम ने उन्हें आयुष्मान कार्ड दिया। डीएम ने कहा कि धनाभाव के कारण किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर रोगियों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए।

### सांसद ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने हजरतपुर स्थित कार्यालय में जनता दरबार में जनता की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर एक राजनैतिक दल की मंडल उपाध्यक्ष समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी में शामिल किया। सांसद ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। सांसद इसके बाद ग्राम धनपुर शाहदरा पहुंचे और सड़क हादसे में मरे मोहम्मद नासिर की नमाजे जनाजा और दफ्न में शामिल हुए। एक राजनैतिक दल की मंडल उपाध्यक्ष तराना बेगम, रोशनी सैनी, गुलरुख, प्रियंका सैनी, इकरा खान, निगार बेगम और तबसूम खान को सपा में शामिल किया। ग्राम खौद टांडा के पूर्व प्रधान मोहम्मद रफी ने विद्युत संबंधी समस्याओं से के बारे में बताया। सांसद ने एक्सईएन को फोन पर समस्या का निस्तारण करने के लिए कहा। ग्राम परशुपुरा करीमपुर के पूर्व प्रधान राशिद और ग्राम किशनपुर के वर्तमान प्रधान राहत जान ने नई सड़कों के निर्माण की मांग की। सड़कें बनवाए जाने का सांसद ने आश्वासन दिया।





# युवाओं को अध्यात्म ज्ञान से जुड़ने की जरूरत

संवाददाता, बिलासपुर

● श्रीराम कथा के अंतिम दिन साध्वी जयंती ने श्रद्धालुओं को दिखाया धर्म का मार्ग

**अमृत विचार:** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री जयंती भारती ने सुंदरकांड प्रसंग को बहुत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भक्त हनुमान की सीता तक पहुंचने की यात्रा वास्तव में भक्त की भक्ति को प्राप्त करने की यात्रा है।



कथा सुनातीं साध्वी जयंती भारती।

जिस प्रकार इस यात्रा में हनुमान के सामने विभिन्न प्रकार की परिस्थितियां आई। किन्तु वह हर परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है। ठीक ऐसी भावना हमारी भी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त साध्वी ने अपने विचारों में युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागृत किया। कहा कि युवा हमारे देश की रीड की हड्डी है। जैसे हमारा शरीर इसके बिना खड़ा नहीं हो सकता, ठीक उसी प्रकार युवाओं का भी समाज के उत्थान में विशेष योगदान होता है। इनके बिना प्रगति संभव नहीं है। किन्तु अफसोस की बात हमारे युवा अपनी ऊर्जा अपनी शक्ति को भूल चुके हैं और पतन की राहों पर अग्रसर हो रहे हैं।

जिससे न केवल स्वयं के जीवन को नष्ट कर रहे हैं। अपितु समाज को भी विनाश की गर्त में ले जा रहे है। भारत युवा प्रधान देश है अगर युवा स्वयं को जान ले तो हमारे समाज का उत्कर्ष संभव है। आज ज़रूरत है युवाओं को अध्यात्म ज्ञान से जुड़ने की। अध्यात्म ज्ञान हमारी जड़ है। इससे जुडे बिना हमारा जीवन खुशहाल नहीं हो सकता। किन्तु यह ब्रह्मज्ञान केवल मात्र पूर्ण गुरु ही हमें प्रदान कर सकते है। इसके अतिरिक्त कथा में सुमधुर भजनों का गायन भी किया गया।

कथा का समापन प्रभु की मंगल आरती से किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद घनश्याम लोधी, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, गुरकीरत औलख, सुनील गुप्ता, रामफल, अशोक सागर, रोशन लाल, अरविंद गुप्ता, गिरजाशंकर आदि मौजूद रहे।

# टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल कर ऑनलाइन योग से जुड़ें



आयुष विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर व लिंक का पोस्टर लिए महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● आयुष विभाग ने जारी किया नंबर

**अमृत विचार:** आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार योग 365 दिन थीम के अंतर्गत फ्री ऑनलाइन योग सत्र शुरू हो रहा है। इस बार आयुष मंत्रालय 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। जिसे लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज आर्य के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर में जगह-जगह योग शिविर लगाएगा। मंगलवार को किला मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक राजीव कुमार व प्रशिक्षिका अर्चना गुप्ता ने महिलाओं व पुरुषों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं उन्हें स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि शासन द्वारा जारी लिंक और टोल फ्री नंबर 18003157008 से लोगों को जोड़ा जा रहा। जिससे वह ऑनलाइन घर बैठे योग कर सकते है।

## रात के अंधेरे में काट दिया बाग ग्रामीणों में आक्रोश

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में हरे-भरे आम के बागों की अवैध कटाई का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। अब अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के अहरोई रोड के पास बीती रात बड़े पैमाने पर आम के पेड़ों को काट दिया गया। सुबह जब ग्रामीणों ने कटे हुए पेड़ों को देखा तो क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भूमाफिया सुनियोजित तरीके से रात के समय बागों की कटाई करते हैं, ताकि किसी को इसकी भनक न लगे। संबंधित विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिन बागों को काटा गया है, वे कई वर्षों पुराने थे और क्षेत्र की पहचान माने जाते थे। ये बाग न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण थे, बल्कि स्थानीय किसानों और लोगों की आजीविका का भी बड़ा स्रोत थे। अचानक हुई इस कटाई से लोगों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# हाईवे जाम कर पानी बंद कराने की मांग

### चार दिन बाद भी नहर में डूबे 12 वर्षीय आर्यंस का नहीं लगा सुराग, परिजन आक्रोशित


हंगामा करतीं धरने पर बैठीं महिलाएं। • अमृत विचार


ग्रामीणों को समझाते एसडीएम शैलेश कुमार दुबे व पुलिस कर्मी। • अमृत विचार

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

- **हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी, यातायात पूरी तरह बाधित**

**अमृत विचार:** नहर में डूबे 12 वर्षीय बच्चे का चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग न मिलने से परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। प्रशासन की धीमी कार्यप्रणाली से नाराज लोगों ने मंगलवार को बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर रामपुर तगा गांव के पास चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि नहर का पानी तत्काल बंद कराया जाए, ताकि बच्चे की तलाश तेज की जा सके।

जाम के दौरान महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था, वहीं परिजनों की सिसकियां हर किसी को झकझोर रही थीं। हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। हालात को देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक को नूरपुर रोड की ओर डायवर्ट कर दिया और मंडी धनौरा व बछरायूं थाने की पुलिस को मौके पर तैनात किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी निवासी रवि कुमार का पुत्र आर्यंस मामा आकाश के घर ग्राम मिलक अख्तियारपुर में रहकर कक्षा 6 में पढ़ाई कर रहा था। बीते शुक्रवार को वह नानी के साथ खेत पर गया था, जहां अचानक उसने नहर में छलांग लगा दी। नानी के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बच्चा गहरे पानी में ओझल हो चुका था। घटना के चार दिन बाद भी कोई सुराग न मिलने से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।

बच्चे के पिता रवि कुमार ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक नहर का पानी बंद नहीं किया जाएगा, तब तक बहाव कम नहीं होगा और बच्चे की तलाश मुश्किल बनी रहेगी। जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम शैलेश कुमार दुबे, सीओ अंजलि कटारिया, तहसीलदार मूसराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी और थाना प्रभारी अमरपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर आश्वस्त किया कि नहर का पानी बंद कराने के लिए सिंचाई विभाग को पत्र भेजा जा चुका है। अधिकारियों द्वारा 24 घंटे के भीतर बच्चे का शव बरामद करने के आश्वासन के बाद करीब आधे घंटे तक चला जाम समाप्त हुआ। फिलहाल एनडीआरएफ, गोताखोरों और प्रशासन की टीमें लगातार नहर में बच्चे की तलाश में जुटी हुई हैं।

## शराब पीने का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

**हसनपुर अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में पत्नी ने शराब पीने को मना किया तो आरोपी पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। बीच बचाव को आई बड़ी बहन के मुंह पर कैंची मार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। घायल हालत में पीड़िता छोटी बहन के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी भूरा के पास कोई पुत्र नहीं है। उसने अपनी बेटी की शादी गजरौला थाना क्षेत्र के किसी गांव में की थी। लेकिन दामाद व बेटी उसके घर पर ही रहते हैं। मंगलवार की दोपहर भूरा का दामाद अपनी पत्नी नाजमीन से शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। जब पत्नी ने उसे शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि तभी बड़ी बहन विकलांग भूरी छोटी बहन को पीटता देख उसे बचाने दौड़ी तो आरोपी ने सिलाई मशीन की कैंची उठाकर उसके मुंह पर मार दी। जिससे भूरी बुरी तरह घायल हो गई। घायल हालत में पीड़िता बहन को साथ लेकर कोतवाली पहुंची।

# झोलाछाप का बेखौफ ऑपरेशन करते हुए वीडियो वायरल

**संवाददाता, रहरा(अमरोहा)**

- **जनपद में रहरा बना झोलाछाप और अपंजीकृत क्लीनिक संचालकों का हब**

**अमृत विचार :** कस्बा रहरा अपंजीकृत क्लीनिक और झोलाछापों का हव बना हुआ है। बेखौफ झोलाछाप दिन-रात महिलाओं के ऑपरेशन को अंजाम देकर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। खास बात यह है कि किसी बड़ी घटना के बाद सप्ताह भर के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपंजीकृत अस्पतालों और झोलाछापों के यहां सील लगाकर मामले को इतिश्री कर देते हैं। सप्ताह भर बाद अपंजीकृत अस्पतालों की ओटी की सील भी खुल जाती है। रहरा में झोलाछापों के यहां महीने भर के अंदर ऑपरेशन के दौरान एक दो महिला की मौत होना एक आम बात हो गई है। वायरल वीडियो रहरा गवां मार्ग पर स्थित एक झोलाछाप के यहां का बताया जा रहा है। वीडियो में झोलाछाप स्वयं एक अन्य व्यक्ति के साथ बाकायदा महिला का पेट चीरकर उसका बड़ा ऑपरेशन करता नजर आ रहा है। ऑपरेशन के दौरान ऑपरेशन रूम में ही पीड़ित महिला के परिजन खड़े दिखाई दे रहे हैं।

> सोशल मीडिया पर झोलाछाप द्वारा ऑपरेशन की वीडियो के बारे में जानकारी जुटाई है। यह वीडियो करीब 3 महीने पुराना बताया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है।
>
> – डॉ योगेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमरोहा

### बिचौलियों के माध्यम से होती है सौदेबाजी

आए दिन झोलाछापो द्वारा ऑपरेशन के दौरान महिलाओं की मौतें हो रही हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। झोलाछापों की लापरवाही से मौत होने के बाद बिचौलिये उनसे लाखों रुपए में मृतक के शरीर का सौदा कर उनसे मोटी रकम ऐंठने के बाद मामले को दबा लेते हैं। लोगों का आरोप है कि ऐसे में झोलाछाप बेखौफ होकर दुकान चला रहे है।

# गृहक्लेश के चलते बीसीए के छात्र ने फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या

**संवाददाता, गजरौला**


मौके पर जांच करती पुलिस। • अमृत विचार


मृतक मोहित।

- **पिता से कहासुनी के बाद मोहल्ले में ही रह रहे दोस्त के कमरे में जाकर दे दी जान**

**अमृत विचार :** गृहक्लेश के चलते बीसीए के छात्र से फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी मोहित(20) पुत्र वीर सिंह बीसीए का छात्र था। मंगलवार की दोपहर उसकी पिता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद वह मोहल्ले में ही किराए के मकान में रह रहे दोस्त के कमरे में जाकर पंखे में फंदा लगाकर उसपर लटककर आत्महत्या कर ली। उसका दोस्त आकाश दोस्त अग्निवीर परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर गया हुआ था। उसने शाम को तीन बजे आकर अपने कमरे का दरवाजा खुला तो मोहित का शव फांसी के फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। सूचना मिलने पर मोहित के परिवार मौके पर पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जमा हुए मोहित को सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदूषण के खिलाफ धरना 136वें दिन जारी

**गजरौला अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन मंगलवार को 136वें दिन भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा।

प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान ने कहा कि जुबिलेंट फैक्ट्री द्वारा क्षेत्र का जल प्रदूषित किया गया है। फैक्ट्री पर कार्रवाई करने के लिए इंस्पेक्टर गजरौला को तहरीर सौंपी गई थी। किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई है। जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो किसान फैक्ट्री की तालाबंदी करने को मजबूर होगा। मंडल अध्यक्ष एहसान अली ने कहा कि लोग जहरीले पानी को पीकर बीमारियों का शिकार हो रहा है। दूषित पानी से हो रही सिंचाई से पैदा होने वाले अनाज एवं सब्जियां मंडी में जाती हैं। मंडल महासचिव आरिफ चौधरी ने कहा की 136वें दिन हो गए लेकिन समाधान नहीं किया गया। यह प्रशासन की हिटलरशाही है।

# संभावित बाढ़ को लेकर सतर्क हुआ प्रशासन

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**



बैठक में निर्देश देते डीएम नितिन गौड़ व मौजूद अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

- **बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा**
- **अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश**

**अमृत विचार :** मानसून से पहले संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मंगलवार को आयोजित बैठक में सिंचाई, पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व, आपदा प्रबंधन, लोक निर्माण और पंचायती राज विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। डीएम ने जिले के तटबंधों और बाढ़ संभावित गांवों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों कृडीएफओ, सीएमओ, जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता और जिला कृषि अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बाढ़ चौकियों को समय से सक्रिय किया जाए और गोताखोरों की सूची अपडेट रखी जाए। आपदा प्रबंधन विभाग को खाद्य सामग्री और भूसे की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया तत्काल शुरू करने को कहा गया। साथ ही नालों की समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने और तटबंधों, तहसीलों व जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने बाढ़ के दौरान उपयोग में आने वाले सभी उपकरणों की जांच कर उन्हें क्रियाशील रखने पर जोर दिया।

उपजिलाधिकारी धनौरा और हसनपुर को गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि आपदा के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत समय से पूरा करने को कहा गया। डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शाखाओं व दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने को कहा

वन विभाग को नदियों के किनारे कटान रोकने के लिए पेड़ों की शाखाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाढ़ आश्रय स्थलों को व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखने को कहा गया। जिला पूर्ति अधिकारी को ड्राई राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करने व परिवहन विभाग को जरूरत के अनुसार छोटे-बड़े वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि बाढ़ की स्थिति में पशुओं के लिए भूसा और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ चौकियों पर मेडिकल टीमों की तैनाती, एंबुलेंस और जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## न्यूज डायरी



### भाकियू लोक शक्ति ने उठाईं किसानों की समस्याएं

**हसनपुर अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मंगलवार को किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपते हुए कहा है कि जिला सहकारी बैंकों में किसानों से समिति द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है, जो गलत है। किसानों से तीन प्रतिशत ब्याज लिया जाए। इन बैंकों को जिले से संबद्ध किया जाए। छुट्टा पशुओं से निजात दिलाई जाए। उन्हें पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। गंगा एक्सप्रेस वे के बराबर में सर्विस रोड सही कराई जाए। ईसापुर शर्की बिजली घर से भटौला शर्की को सिच्चाई हेतु 14 घंटे निर्वाध आपूर्ति दी जाए। ईसापुर शर्की बिजली घर पर तैनात जेई का व्यवहार उपभोक्ताओं के प्रति ठीक नहीं है। उस जेई की जगह अन्य जेई को नियुक्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में हाजी हसीन अहमद गफारी, राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, उस्मान चौधरी, जहीर, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।



### बच्चों ने लिया पूल पार्टी का आनंद

**हसनपुर अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को प्री-नर्सरी से कक्षा 1 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक भव्य पूल पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजन में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी की। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने पानी में अठखेलियां करते हुए खूब मस्ती की। कार्यक्रम के दौरान संगीत की धुनों पर थिरकते बच्चों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर नन्हे छात्र छात्राओं को पॉपकॉर्न और आइसक्रीम भी वितरित की गई, जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। खेल-खेल में सीखने से बच्चे आत्मविश्वासी, सक्रिय और प्रसन्न बनते हैं, साथ ही उनमें सामाजिकता और टीम भावना का विकास होता है। इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में बच्चों के चेहरे पर छाई मुस्कान ही कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बनी।



### सफाई ठप, शाहपुर के लोगों में रोष

**गजरौला अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव शाहपुर में सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संक्रामक रोगों के प्रसार का अंदेशा बना है। गांव में कई लोग बुखार की चपेट में भी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में कई बार सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग करने के बाद भी सुनवाई नहीं की गई। भीषण गर्मी के बीच आबादी बेहाल है। ऐसे में बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। बावजूद इसके ग्रामीण इलाकों में सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरती जा रही है। नियमित सफाई नहीं होने से गांवों में गंदगी पसरी है। क्षेत्र के गांव शाहपुर में भी कुछ ऐसा ही हाल बना है। गली मोहल्ले की सड़कों पर गंदगी पसरी होने के चलते बदबू उठ रही है। सफाई नहीं होने से नालियां चोक हैं। ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों के स्तर पर शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों के बीच रोष बना है। वहीं एसडीएम शैलेश कुमार दुबे ने मामले के संज्ञान में नहीं होने व गांव का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाए जाने की बात कही।

### बच्चों की सुरक्षा से समझौता नहीं

**अमरोहा, अमृत विचार :** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्कूली वाहनों की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अनफिट वाहनों का मामला सामने आने पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। मंगलवार को आयोजित बैठक में एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 934 स्कूली वाहन संचालित हो रहे हैं। इनमें से 857 वाहन सीधे स्कूलों के नाम पर पंजीकृत हैं, जबकि 77 वाहन अनुबंध के तहत संचालित किए जा रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि 72 वाहनों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है। परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए ऐसे 35 वाहनों का पंजीकरण निलंबित कर दिया है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विद्यालयों को तत्काल नोटिस जारी कर वाहनों की फिटनेस प्रमाणित कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में विद्यालय यान सुरक्षा समिति और रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जाए। साथ ही मास्टर ट्रेनर नामित कर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं, ताकि परिवहन से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन हो सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों का आवागमन केवल फिट वाहनों से ही हो। क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाने पर सख्त रोक लगाए।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ फूटा महिलाओं का गुस्सा



एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

**संवाददाता, हसनपुर**

- **पैदल मार्च निकालकर एक्सईएन कार्यालय पर दिया धरना**

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा।

मंगलवार को स्मार्ट मीटरों के विरोध में महिलाओं ने स्मार्ट मीटर हाय-हायश् बिजली विभाग हाय हाय के नारे लगाते हुए एक्सईएन कार्यालय के गेट पर धरना देकर बैठ गई। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। स्मार्ट मीटर के कारण बिल का बोझ उठाना अब मुश्किल हो गया है। प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए, तो वह धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगी। वह घरों पर लगे स्मार्ट मीटरों को उखाड़ कर बिजली अधिकारियों के सामने फेंका जाएगा। लेकिन बिजली कर्मचारी व पुलिस के समझाने के बाद महिलाएं मान गई और घर चली गई। जब इस बारे में अधिशासी अभियंता से बात की तो उन्होंने बताया महिलाएं बेवजह प्रदर्शन कर रही हैं सोमवार को ही सरकार का आदेश आया है जिसके यहां 1 किलो वाट के मीटर लगे हैं वह बिल बकाया है फिर भी उनकी बिजली नहीं काटी जाएगी उन्हें महीने के लास्ट तक अनिवार्य रूप से बिल जमा करना होगा लेकिन जिनके एक किलो वाट से अधिक के कनेक्शन है उन्हें बिल जमा करना अनिवार्य है। इस दौरान जाहरा, कृष्ण, बिलकिस जहां, फूलवती, मिथिलेश, शायदा, कुसुम, होशियारी, माया, पिंकी, कुसुम, रिंकी, कविता, उषा, मुन्नी, सुनीता, कविता, राधा, रेखा, वीरवती, कंचन, रामवती, राजेश्वरी, प्रवेश, रेखा, सूरजमुखी, राजवती आदि मौजूद रही।

## कहासुनी के बाद पत्नी की जमकर पिटाई

**संवाददाता, हसनपुर,**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में कहासुनी के बाद पति ने एक पत्नी का पक्ष लेते हुए दूसरी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। घायल हालत में पीड़िता कोतवाली पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी राजबाला पत्नी किरनपाल का आरोप है कि पति के द्वारा डेढ़ महापूर्व पड़ोसी गांव की एक युवती से कोर्ट मैरिज कर लिया था। जबकि आरोपी पर दो बेटा वह एक बेटी मौजूद हैं। मंगलवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति से राजबाला की अनबन हो गई। इसी बात को लेकर पति ने बेल्टों से पिटाई कर दी। पीडिता ने मायके में फोन कर भाई को बुला लिया। भाई उसे लेकर कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।

# सम्मान समारोह में 200 शिक्षामित्र को मिला बढ़े मानदेय का लाभ

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**


प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद शिक्षामित्र। • अमृत विचार

- **18 हजार के चेक व प्रशस्ति पत्र वितरित, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण देखा**

**अमृत विचार:** शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय के वितरण को लेकर मंगलवार को जोया रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया।

मंगलवार को समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि सांसद कंवर सिंह तंवर, विशिष्ट अतिथि धनौरा विधायक राजीव तरारा, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, ओमप्रकाश गोला, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद ने बधाई देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं विधायक राजीव तरारा ने प्रदेश सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। डीएम डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई के स्तर और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दें। सीडीओ ने अपील की कि समाज के सहयोग से परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें। कार्यक्रम में देवेंद्र खड़गवंशी, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सम्मानित शिक्षामित्रों में उत्साह का माहौल देखा गया।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलासपुर जनपद रामपुर (उ.प्र.)

पत्रांक : 34/न.पा.परि.बि./2026-27 — दिनांक : 05.05.2026

**पार्क, खेल के मैदानों और खुली एवं खाली जगहों की सूची**

**(नियम 4 देखें)**

**स्थानीय निकाय का नाम - नगर पालिका परिषद बिलासपुर जनपद रामपुर**

उ.प्र. पार्क, खेल के मैदान और खुली जगहों (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 तथा उ.प्र. पार्क, खेल का मैदान और खुली एवं खाली जगह (विनिमय और नियंत्रण) नियमावली 2005 से आच्छादित, नियम 4 के अधीन नगर पालिका परिषद बिलासपुर जनपद रामपुर द्वारा निम्नवत् सूची प्रकाशित की जाती है, यदि उक्त सूची पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रकाशन से 03 माह के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलासपुर जनपद रामपुर को प्रेषित कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त कोई आपत्ति ग्राहय नहीं होगी।

| क्र.सं. | नाम/गाटा सं. | वार्ड का नाम तथा संख्या | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल. X चौ. | विस्तृत अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विवेकानन्द पार्क | वार्ड सं. 07, मौ. बाजार कलां, हरि नगर कालोनी | पार्क | 449.07 वर्ग मी. | - |
| 2. | श्री शीरी बाबा पार्क | वार्ड सं. 07, मौ. बाजार कलां | पार्क | 1116.80 वर्ग मी. | - |
| 3. | श्री अम्बेडकर पार्क | वार्ड सं. 06, मौ. बाजार कलां, निकट डाम | पार्क | 15965.39 वर्ग मी. | - |
| 4. | श्री बाल्मीकि पार्क | वार्ड सं. 10 मौ. भट्टी टोला | पार्क | 1418.60 वर्ग मी. | - |

**प्रधान लिपिक**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर-रामपुर**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर-रामपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर-रामपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### सेल्समैन को पीटा चार पर केस दर्ज

संभल/ओबरी, अमृत विचार : थाना हजरतनगर गढी थाना क्षेत्र के गांव भवाच निवासी उदयभान सिंह असमोली क्षेत्र के हरथला गांव स्थित शराब की दुकान पर सेल्समैन है। सोमवार की रात करीब आठ बजे शराब की दुकान पर बैठा था तो हरथला गांव निवासी रज्जन तीन लोगों के साथ आया और गाली गलोच करने लगा। विरोध करने पर आरोपी और तीन अज्ञात लोगों ने दुकान में घुसकर मारपीट की। पीड़ित ने सोमवार को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### चंदौसी में रोजगार मेले का आयोजन 8 को

चंदौसी, अमृत विचार : जिला सेवायोजन कार्यालय 8 मई को राजकीय आईटीआई बदायूं रोड चंदौसी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन करेगा। इसमें बाहर से आई कंपनी रोजगार के लिए युवाओं का चयन करेगी। रोजगार मेला सुबह 10 :30 बजे से 3 बजे तक रहेगा। इसमें क्यूएस कॉर्प लिमिटेड टाटा मोटर्स पंतनगर रुद्रपुर कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं।

# अंतर्राज्यीय तार चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो पकड़े

## गिरोह से जुड़े 5 लोग अभी फरार, चोरी गए हाईटेंशन लाइन के तारों की बिक्री के 2.52 लाख रुपये मिले

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बहजोई

अमृत विचार : जनपद संभल में बिजली विभाग की हाईटेंशन लाइनों के तार चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। थाना बहजोई पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के पांच अन्य सदस्य अभी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए तारों की बिक्री के 2 लाख 52 हजार रुपये, 215 किलोग्राम वजन के 13 बंडल हाईटेंशन तार, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त दिल्ली नंबर की दो कारें बरामद की हैं।

मंगलवार दोपहर बहजोई पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। कार्रवाई का संचालन क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई। • अमृत विचार

2 मई 2026 को बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर लखपत सिंह द्वारा कोतवाली बहजोई में तहरीर देकर कहा था कि अप्रैल माह के दौरान अलग-अलग तिथियों पर अज्ञात चोरों ने 33 केवी और 11 केवी की सरकारी हाईटेंशन लाइनों के तार काटकर चोरी कर लिए थे।

इस पर पुलिस ने भारतीय विद्युत अधिनियम संशोधन 2003 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया और क्षेत्र में सघन चेकिंग

- वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली दो कारें और चोरी का सवा दो क्विंटल तार बरामद

अभियान चलाया गया। मंगलवार को पुलिस ने ग्राम बिसारू और राजपुर के बीच गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे बनी पुलिया के पास से जमशेद आलम निवासी थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर हाल निवासी संगम विहार, दिल्ली तथा साहिल निवासी सी-ब्लॉक, जहांगीरपुरी नई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 13 बंडल हाईटेंशन लाइन के तार, 2 लाख 52 हजार नकद, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त दो कारें बरामद की गईं। बरामद नकदी के संबंध में आरोपियों ने बताया कि यह रकम चोरी किए गए तारों को बेचकर प्राप्त हुई थी।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने गिरोह के अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनसान स्थानों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद यह सुनिश्चित करते थे कि जिन बिजली लाइनों में उस समय करंट प्रवाहित नहीं हो रहा है, उन्हीं को निशाना बनाया जाए।

रात के समय खंभों पर चढ़कर कटर की मदद से तार काटे जाते थे और उन्हें बंडलों में बांधकर पास ही छिपा दिया जाता था। बाद में अवसर मिलने पर इन बंडलों को कारों में लादकर दिल्ली ले जाया जाता था, जहां इन्हें लगभग 180 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेच दिया जाता था।

### दिल्ली में दानिश उर्फ मुनसाद खरीदता था चोरी का तार

बहजोई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने यह भी खुलासा किया है कि चोरी किया गया तार दानिश उर्फ मुनसाद निवासी संगम विहार, दिल्ली को बेचा जाता था। उन्होंने स्वीकार किया कि अप्रैल माह में ही उन्होंने 1500 से 2000 किलोग्राम तक तार चोरी कर दिल्ली में बेच दिए थे। इसके अलावा गिरोह द्वारा हरियाणा राज्य में भी इसी तरह की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात सामने आई है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गिरोह के पांच अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने हाल ही में जनपद के करीब 10 से 11 स्थानों पर हाईटेंशन लाइनों के तार काटने की घटनाओं को अंजाम दिया था, जिसके संबंध में विद्युत विभाग की ओर से पांच मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक सहित बहजोई थाना पुलिस की पूरी टीम शामिल रही। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# दो सप्ताह में जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने की मांग



चंदौसी में एसडीएम नीतू सिंह को समस्या बताते व्यापारी। • अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

- व्यापार मंडल ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई द्वारा एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी नीतू सिंह को सौंपा गया। जिसमें नगर पालिका चंदौसी द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने में घोर लापरवाही की शिकायत की गई और दो सप्ताह के अंदर जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत गया कि इस वक्त बच्चों के एडमिशन चल रहे हैं। ऐसे में जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है और अभिभावक नगर पालिका के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गए। कई-कई महीने के आवेदन लंबित पड़े हैं। इसके अलावा आधार कार्ड बनवाने व संशोधन के लिए आधार केंद्रों पर महीनों की तारीख पड़ती है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मांग करते हुए कहा आधार कार्ड बनवाने के लिए कैंपों का आयोजन किया जाए और नगर पालिका को निर्देशित किया जाए की 15 दिन के भीतर जन्म प्रमाण पत्र बनाएं। ज्ञापन सौंपने वालों युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, राजीव शर्मा, मोहित सक्सेना, परवेज एडवोकेट, सचिन शर्मा, सौरभ अग्रवाल, चार्ली गुप्ता आदि शामिल रहे।

# स्मार्ट मीटर का फैसला बदला, जताई खुशी

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: स्मार्ट मीटर और बिजली समस्याओं को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक के सरकार के फैसले को आम आदमी पार्टी ने अपनी पहली जीत बताते हुए खुशी जाहिर की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि जनता के संघर्ष और दबाव के चलते सरकार को स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर पीछे हटना पड़ा है।

3 मई को प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन के नेतृत्व में संभल बिजलीघर पर स्मार्ट मीटर और बिजली समस्याओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया था। यह प्रदर्शन राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में एक साथ किए गए थे। पार्टी नेताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा था, जिसके खिलाफ



एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते आप कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- आप कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

आम आदमी पार्टी लगातार आवाज उठा रही थी। दावा है कि इस जन दबाव के कारण ही सरकार को अपने फैसले में बदलाव करना पड़ा और इसे आंदोलन की पहली सफलता के रूप में देखा जा रहा है। आतिर हुसैन ने कहा कि अभी संघर्ष समाप्त नहीं हुआ है। नेताओं का कहना है कि प्रीपेड की जगह पोस्टपेड मीटर करना कोई स्थायी समाधान नहीं है। जब तक स्मार्ट मीटर के जरिए हो रहे आर्थिक शोषण को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, तब तक पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। वहीं वरिष्ठ नेता मोहम्मद अयूब और सैयद दानिश ने बदायूं दरवाजा स्थित चौधरी सराय में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आगे भी संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# 20 को राष्ट्रव्यापी दवा बंद का ऐलान

संभल, अमृत विचार : सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन संभल ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आगामी 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय दवा व्यापार बंद के संबंध में अपनी मांगें रखीं। एसोसिएशन ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए शासन स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा उर्फ संदीप शर्मा ने उपजिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ई-फार्मेसी और ऑनलाइन दवा व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। चेयरमैन प्रदीप रस्तोगी ने बताया कि 20 को प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। महामंत्री महावीर मोगिया ने बताया कि बंद के दिन केमिस्ट साथी काली पट्टी बांधकर बाइक रैली निकालेंगे। इस दौरान प्रवीण कुमार, सुमित राजा, राजीव रस्तोगी, राजेश अग्रवाल, मोहम्मद शम्सी, मोहम्मद यासिर सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम ने संभाला कार्यभार, कल्कि मंदिर में की पूजा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल के नव नियुक्त जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मंगलवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने से पहले उन्होंने धार्मिक आस्था का परिचय देते हुए प्राचीन श्री कल्कि मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने कार्यकाल की शुरुआत की। इसके बाद वह पुरानी तहसील स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने औपचारिक रूप से चार्ज लिया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

मंगलवार दोपहर शहर पहुंचने के बाद जिलाधिकारी सबसे पहले श्री कल्कि मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान श्री कल्कि की आरती कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह पुरानी तहसील परिसर स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचे और कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर



कार्यभार ग्रहण करते डीएम।

- कहा-शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर लागू करना उनकी पहली जिम्मेदारी

एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम निधि पटेल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यभार संभालने के बाद जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर लागू करना पहली जिम्मेदारी होगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि राजस्व वादों का त्वरित निस्तारण, लंबित मामलों को समाप्त करना और जिले में चल रहे विकास कार्यों को गति देना प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि पहले जिले की समस्याओं और चुनौतियों को गहराई से समझा जाएगा, उसके बाद चरणबद्ध तरीके से उनके समाधान पर काम किया जाएगा। 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के बाद जिले में काफी कार्य किए गए हैं और कई योजनाएं अभी भी प्रगति पर हैं। इन सभी कार्यों को आगे बढ़ाते हुए विकास को और गति दी जाएगी।

### लंबित समस्याओं के समाधान को बनाएं योजना

संभल/ बहजोई, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में जनपद के समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों तथा आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपनी प्रमुख योजनाओं, जिनकी शासन स्तर पर नियमित समीक्षा होती है, उनकी विस्तृत पीपीटी तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होंने विभागवार उपलब्धियों और लंबित समस्याओं की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए और उनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जनगणना 2027 को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। आईजीआरएस को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए।

# बंदरों के हमले में वकील की मां सहित तीन घायल

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार: गुन्नौर क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन बंदरों के हमलों में बुजुर्गों और बच्चों के घायल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सोमवार को अधिवक्ता रमन दीक्षित की मां सहित तीन लोगों को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया।

गांव शाहजहांनाबाद में 58 वर्षीया सुमन लता दीक्षित पत्नी योगेंद्र दीक्षित अपने मकान के सामने स्थित खाली प्लॉट में गई थीं। इसी दौरान अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। बंदरों ने उन्हें बुरी तरह काट लिया, जिससे वह लहुलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए

- गुन्नौर के गांव शाहजहांनाबाद में बंदरों का आतंक

अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सोमवार को ही बंदरों ने गांव में सक्षम शर्मा और नरेश पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि लोग घरों से निकलने में भी डरने लगे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़वाकर गांव को इस समस्या से निजात दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

संभल, अमृत विचार: थाना बहजोई के गांव स्वराजपुरी निवासी भूरे मंगलवार को बाइक से संभल शहर के यशोदा चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में दवाई लेने जा रहे थे। इसी दौरान थाना हयातनगर क्षेत्र के बहजोई-संभल मार्ग स्थित गांव बबैना फैक्ट्री के पास संभल की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिला चिकित्सालय में भूरे को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। भाई जोगिंदर ने बताया कि भूरे दवाई लेने के लिए अकेले बाइक से संभल आ रहे थे। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी संजीव बालियान ने बताया कि पिकअप की टक्कर से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर ट्रक से टकराई डबल डेकर बस, 25 से अधिक घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बहजोई

अमृत विचार : बदायूं जनपद के थाना इस्लामनगर क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के करीब 4:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सिटोली टोल प्लाजा के पास चंदौली और सिटोली गांव के बीच लुधियाना से उन्नाव जा रही एक डबल डेकर बस पीछे से बिस्कुट से लदे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। टक्कर लगते ही कई यात्री सीटों से उछलकर आगे जा गिरे और बस के अंदर अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में 25 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें से 16 की हालत गंभीर बताई जा रही है।



हादसे का शिकार हुई डबल डेकर बस।



बहजोई सीएचसी में घायल।

- ड्राइवर को झपकी आने से हुआ भीषण हादसा, 16 बस यात्रियों की हालत गंभीर

सूचना मिलते ही गंगा एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम, पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल एंबुलेंस के जरिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 16 यात्रियों को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए एक्सप्रेस वे पर यातायात बाधित हो गया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक भी मौके पर पहुंचे और बाद में सीएचसी बहजोई में घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल में उपचार व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए।

घायलों के अनुसार बस लुधियाना से हरदोई, उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों के लिए आ रही थी। यात्रियों ने बताया कि बस रास्ते में कई जगह रुकी थी और वाहन की स्थिति भी ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि बस दो बार रास्ते में खराब भी हुई थी और चालक काफी देर से वाहन चला रहा था। आशंका जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद आने के कारण हादसा होना प्रतीत हो रहा है, हालांकि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### हादसे में यह हुए घायल

घायलों में सहमान (23) पुत्र रिजवान निवासी हरदोई, संजना (17) निवासी रहीमाबाद लखनऊ, पवन पुत्र रामपाल निवासी डंबर खेड़ा, दानिश (23) निवासी हसनपुर अमरोहा, रहमान (17) निवासी बेहटा गोकुल हरदोई, अवि (18) निवासी रोहिना खुर्द, काव्या निवासी लखनऊ, श्यामा कुमारी (30), आकांक्षा (15) व आशीष कुमार (18) निवासी हरदोई, मधु (18) व अन्नू (19) निवासी बांगरमऊ उन्नाव, भैयालाल (45) निवासी उन्नाव, सुमित (30) निवासी बालामऊ, कमलेश कुमार (39) व कमला (38) निवासी उन्नाव, नितिन (4) व नितेश (6) निवासी बेहटा मुजाबिल, रमेश (35) निवासी लखनऊ, कमलेश (50) निवासी उन्नाव, विमला रानी (65), शिवानंद व सिमरन निवासी लुधियाना, राहुल निवासी उन्नाव सहित अन्य यात्री शामिल हैं।

# मानदेय बढ़ोत्तरी से शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बहजोई

अमृत विचार : प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों को बड़ी सौगात देते हुए उनका मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने के बाद पहले बढ़े मानदेय का भुगतान समारोह पूर्वक किया गया। बहजोई में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षामित्रों को सम्मानित कर उन्हें प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

मंगलवार को इस्लामनगर रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री गुलाब देवी ने अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और रंगारंग सांस्कृतिक




राज्य मंत्री गुलाब देवी व अन्य अतिथियों के साथ शिक्षामित्र। • अमृत विचार

प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। उपस्थित लोगों ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की। इस दौरान गोरखपुर में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी बड़े स्क्रीन पर दिखाया गया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और सरकार के निर्णय का स्वागत किया। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है। मानदेय में यह वृद्धि न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि वे और अधिक उत्साह और समर्पण के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। इससे परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक कदम उठा रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी, पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू और पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने भी शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए सरकार के निर्णय को ऐतिहासिक बताया।

- शिक्षामित्रों को किया गया सम्मानित, दिए गए के चेक
- बहजोई में देखा गया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

### हर ब्लाक क्षेत्र के दो शिक्षामित्रों को दिए गए बढ़े मानदेय के चेक

बहजोई। जिले के आठों ब्लॉकों से चयनित दो-दो शिक्षामित्रों को मंच पर बुलाकर 18,000 रुपये के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए और उनका सम्मान किया गया। सम्मानित शिक्षामित्रों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा और वे अपने कार्य को और बेहतर तरीके से कर पाएंगे। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके सहयोग से ही प्राथमिक शिक्षा को मजबूती मिलती है। मुख्यालय बीईओ मुंशीलाल पटेल ने भी शिक्षामित्रों की भूमिका की सराहना की और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दीनदयाल शर्मा, सचिन सक्सेना, रंजना राजपूत, लेखाकार सत्यपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र, शिक्षक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भाजपा की जीत पर जश्न, बांटी मिठाई

संभल, अमृत विचार : ग्राम सिंहपुर सानी में भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न राज्यों में मिली जीत को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्राम प्रधान गिरिराज सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने एकत्र होकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

बताया गया कि असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली बंपर जीत के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पार्टी नेतृत्व और नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। इस मौके पर योगेंद्र पाल शर्मा, आनंद कुमार सिंह, परवीन सिंह, राजीव चहल, अनिल सिंह, नीरज सिंह, धर्मदत्त सिंह, धर्मेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, जितेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, राजेश सिंह, ललित चहल, मास्टर कामेंद्र सिंह और दिनेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# गैस संकट के विरोध में आजाद अधिकार सेना का प्रदर्शन



संभल में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : गहराते गैस संकट और लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ आजाद अधिकार सेना पार्टी ने मंगलवार को संभल में विरोध दर्ज कराया। पार्टी के प्रदेश महासचिव खिजर गौस उर्फ गौस भैया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में गैस की कमी, आपूर्ति में बाधा, लंबी वेटिंग और कालाबाजारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे घरेलू जीवन और छोटे कारोबार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। खिजर गौस ने कहा कि गैस संकट के साथ-साथ सिलेंडरों की कीमतों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। मंडल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा, पराग गर्ग, फैजान, डॉ. सहानवाज चौहान, नौशाद शेख, गुलाम रब्बानी, अरमान सैफी, दीपक कुमार, मनोज, मोहसिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

